हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्ष: 8, अंक: 232, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 23 फरवरी, 2024 दिन शुक्रवार | गाजीपुर/वाराणसी


## देश सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर चल रहा : पीएम मोदी

### वलीनाथ धाम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए प्रधानमंत्री



अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से 24 फरवरी तक गुजरात के दौरे पर रहेंगे। वह आज सुबह ही अहमदाबाद पहुंच गए थे, जहां उन्होंने गुजरात सहकारी दूध विपणन महासंघ का स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लिया। दोपहर में वह मेहसाणा पहुंचे, जहां उन्होंने वलीनाथ महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की। पीएम मोदी ने सबसे पहले मेहसाणा में रोड शो किया। उसके बाद 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह में भाग लेने के लिए विसनगर तालुक में वलीनाथ धाम मंदिर पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेहसाणा के वलीनाथ धाम मंदिर में 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'देश के विकास का यह अनोखा दौर है, जहां 'देव काज' हो या 'देश काज' दोनों तेजी से हो रहे हैं। उन्होंने कहा, 'आज से ठीक एक महीने पहले 22 जनवरी को मैं अयोध्या में प्रभु राम के चरणों में था। वहां मुझे प्रभु रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक आयोजन में शामिल होने का सौभाग्य मिला। उसके बाद 14 फरवरी (वसंत पंचमी) को अबु धाबी में खादी देशों के पहले हिंदू मंदिर के लोकार्पण का मुझे अवसर मिला। अभी 2-3 दिन पहले मुझे उत्तर प्रदेश के संभल में कल्कि धाम के शिलान्यास का भी मौका मिला। अब आज मुझे यहां तरभ में इस भव्य, दिव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद पूजा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। भारत की विकास यात्रा में ये एक अद्भुत कालखंड है।' उन्होंने आगे कहा कि ये एक ऐसा समय है, जब देवकाज हो या फिर देश काज, दोनों तेज गति से हो रहे हैं। देवसेवा भी हो रही है और देशसेवा भी हो रही है। आज मैं इस पवित्र धरती पर एक दिव्य ऊर्जा महसूस कर रहा हूं। ये ऊर्जा हजारों वर्ष से चली आ रही उस आध्यात्मिक चेतना से हमें जोड़ती है, जिसका संबंध भगवान कृष्ण से भी है और महादेव से भी है। पीएम मोदी ने कहा कि सैंकड़ों वर्ष पुराना ये मंदिर आज 21वीं सदी की भव्यता और पुरातन दिव्यता के साथ तैयार हुआ है। ये मंदिर सैंकड़ों शिल्पकारों, श्रमजीवियों के वर्षों के अथक परिश्रम का भी परिणाम है। हमारे यहां मंदिर सिर्फ देवालय या पूजा पाठ करने की जगह नहीं, बल्कि ये हमारी हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति और परंपरा के प्रतीक हैं। हमारे यहां मंदिर देश और समाज को अज्ञान से ज्ञान की तरफ ले जाने के माध्यम रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर चल रहा है। ये भावना हमारे देश में कैसे रची-बसी है, इसके दर्शन भी हमें वालीनाथ धाम में होते हैं। मोदी की गारंटी का लक्ष्य, समाज के अंतिम पायदान पर खड़े देशवासी का भी जीवन बदलना है। इसलिए एक तरफ देश में देवालय भी बन रहे हैं और करोड़ों गरीबों के पक्के घर भी बन रहे हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बुधवार को बताया था कि वह इस दौरान 48 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। पीएम मेहसाणा के तरभ में जनसभा में 8,350 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इसके बाद शाम को नवसारी में 17,500 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। 25 फरवरी को पीएम सिग्नेचर ब्रिज का उद्घाटन करने के साथ करोड़ों की योजनाओं की सौगात देंगे।

### आंसू गैस के गोले बरसाए, लाठीचार्ज किया; किसानों के सामने पुलिस ने खड़ी की जेसीबी और पोकलेन मशीनें

अंबाला। किसानों के दिल्ली कूच का एलान दिनभर टकराव के बावजूद भले ही सिरे न चढ़ा हो, लेकिन किसानों की तैयारी से पुलिस ने सबक जरूर लिया। पुलिस को जैसे ही किसानों के पोकलेन और जेसीबी से लैस होकर आने की सूचना मिली तो उन्होंने भी बॉर्डर पर किसानों के सामने पोकलेन और जेसीबी खड़ी कर दी। पुलिस के प्रहारों का तोड़ और खुद के बचाव के लिए किसानों के जुगाड़ देख हर कोई हैरान था। लोहे की चादर लेकर तो कोई तस्ले पर कुंडा लगाकर उसे अपनी ढाल बनाकर चलता नजर आया, जिससे कि रबड़ की गोलियों और आंसू गैस के गोलों का कुछ असर न पड़ सके। इसी तरह से कुछ किसान अपनी ट्रॉली का हिस्सा शॉकर से ऊपर उठाकर अपना बचाव करते हुए नजर आए। पुलिस के फेंके आंसू गैस के गोलों के धमाके का जवाब देने और ड्रोन को हमले के लिए मल्टी शॉट पटाखे इस्तेमाल करते दिखे। बुधवार सुबह तो किसान दिल्ली कूच की तैयारियों के चलते मिट्टी के सेकड़ों कट्टों को बॉर्डर पर जमा करने के साथ-साथ अन्य तैयारी करते दिखे और कोई टकराव नहीं था। ठीक 11 बजते ही जैसे ही युवाओं ने बॉर्डर के करीब आने का प्रयास किया तो पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। हालांकि पुलिस का कहना था कि उन पर पथराव हुआ था तो उसका जवाब था।

## शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनकारी की मौत पर बीकेयू किसानों का धरना फाजिल्का-फिरोजपुर रोड किया जाम, पुलिस ने किए रूट डायवर्ट




नई दिल्ली। केंद्र सरकार से बातचीत के बीच किसानों ने आज दिल्ली कूच का आह्वान किया है। किसानों का दिल्ली कूच करने की घोषणा के तहत संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के नेता और सदस्य मंगलवार सुबह से ही शंभू और खनौरी बॉर्डर पर रणनीति बनाने में जुट गए। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के सिद्धूपुर गुट की ओर से दिल्ली कूच के आह्वान पर हरियाणा से सटे शंभू और खनौरी बॉर्डर पर दिनभर स्थिति तनावपूर्ण बनी रही। जिला प्रशासन ने किसानों की केंद्रीय मंत्रियों के साथ बातचीत करवाई।

इसके बीच ही किसान की मौत की खबर मिलने पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि अब हालात का जायजा लेने के बाद ही वह आगे की रणनीति पर विचार करेंगे। किसान मजदूर संगठन के महासचिव सरवन सिंह पंढेर ने किसानों का दिल्ली कूच आंदोलन को दो दिन के लिए स्थगित करने की बात कही है। फाजिल्का-फिरोजपुर रोड रेलवे फ्लाईओवर पर भारतीय किसान यूनियन कादिया द्वारा धरना शुरू कर दिया गया है। हालांकि किसानों ने केवल फ्लावर को जाम किया है, जबकि शहर के दोनों रास्ते खुले हुए हैं। जबकि बड़े वाहनों को पुलिस ने विभिन्न जगहों से रुट डाइवर्ट करके आगे की तरफ भेज दिया है। कल शंभू बोर्डर पर जहां काफी की भारी तादाद में ट्रैक्टर और ट्रॉलियों की लंबी कतारें थी। तो वहीं आज यहां पर 25 फीसदी की कमी आई है। शिरोमणि अकाली दल के नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया ने आरोप लगाया है कि खनौरी बार्डर पर हुई शुभकरन सिंह की मौत के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान को जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि 13 फरवरी को बार्डर पर जो हालात बने थे, उसी समय इस बात की आशंका थी कि कोई बड़ी घटना हो सकती है। शंभू बॉर्डर पर किसान आंदोलन के दौरान तबीयत बिगड़ने के बाद जगजीत सिंह डल्लेवाल को राजिंदरा अस्पताल में दाखिल करवाया था। जहां से उपचार के बाद उन्हें अस्पताल के स्पेशल वार्ड में शिफ्ट कर दिया, यहां पर उनसे मिलने के लिए किसान नेताओं के अलावा लोकल स्तर के लोग पहुंचे हैं। गुरुवार दोपहर को उनसे मिलने किसान नेता सरवन सिंह पंधेर, सुरजीत सिंह फूल, मंजीत सिंह राय के अलावा अन्य नेता आए हैं, जो उनसे बात कर रहे हैं।

गुरुवार को प्रदर्शनकारी किसानों ने बुधवार को अपने एक साथी की मौत के विरोध में धरना किया। नेशनल हाईवे पर लंबी दूरी तक ट्रैफिक जाम दिकाई दिया। लोग आसपास के गांव से होकर गुजर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में भी ट्रैफिक व्यवस्था चरमराने की सूचना मिल रही है। संयुक्त किसान मोर्चा की चंडीगढ़ में बैठक शुरू हो गई है। पहले खन्नौरी में मारे गए किसान शुभकरण सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में बड़ी संख्या में किसान नेता मौजूद हैं। खनौरी बॉर्डर में किसान आंदोलन के दौरान मारे गए बठिंडा निवासी शुभकरण सिंह का शव पटियाला के राजिंदरा अस्पताल की मोर्चरी में रखा है। यहां पर किसान नेताओं के पहुंचने के बाद ही उसके पोस्टमॉर्टम संबंधी अगला फैसला लिया जाएगा।

## इसरो की एक और सफलता, पृथ्वी की जियोसिंक्रोनस कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित हुआ इनसैट-3डीएस



नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बताया है कि इनसैट 3डीएस सैटेलाइट सफलतापूर्वक पृथ्वी की जियोसिंक्रोनस कक्षा में स्थापित हो गया है। इसरो ने बताया कि सभी चार लिक्विड एपोजी मोटर फायरिंग पूरी हो गई हैं। अब सैटेलाइट के ऑर्बिट टेस्टिंग लोकेशन पर 28 फरवरी 2024 तक पहुंचने की उम्मीद है। जियोसिंक्रोनस कक्षा में एक नाक्षत्र दिवस 23 घंटे, 56 मिनट और 4 सेकेंड के बराबर होता है। जिसमें सैटेलाइट की कक्षा पृथ्वी के घूर्णन के समान हो जाती है। ये कक्षा गोलाकार या गैर-गोलाकार प्रकार की हो सकती है। इसरो की सैटेलाइट इनसैट-3डीएस को बीती 17 फरवरी को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया था। इनसैट-3डीएस को जीएसएलवी एफ-14 लॉन्च व्हीकल से अंतरिक्ष में भेजा गया था। जीएसएलवी-एफ14 को नॉटी बॉय के नाम से भी जाना जाता है। दरअसल इस जीएसएलवी के 40 फीसदी लॉन्च असफल रहे हैं। यही वजह है कि इस रॉकेट का नाम नॉटी बॉय पड़ गया है। इनसैट 3डीएस सैटेलाइट एक मौसम उपग्रह है, जो इनसैट-3डी सैटेलाइट का उन्नत स्वरूप है। इनसैट-3डीएस सैटेलाइट की मदद से मौसम संबंधी और प्राकृतिक आपदाओं की सटीक जानकारी मिल सकेगी। इनसैट-3डीएस से समुद्र की सतह और इसके तापमान के मौसम पर पड़ने वाले असर का अध्ययन किया जा सकेगा। साथ ही इनसैट 3डीएस की मदद से डेटा संग्रह प्लेटफॉर्म्स से डेटा का संग्रह किया जा सकेगा। इनसैट-3डीएस की पूरी फंडिंग भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने की है। इस सैटेलाइट से पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत आने वाले भारतीय मौसम विभाग, नेशनल सेंटर फॉर मीडियम रेंज वेदर फॉरकास्टिंग, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मीटियोरोलॉजी, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओसीन टेक्नोलॉजी, इंडियन नेशनल सेंटर फॉर ओसीन इनफोर्मेशन सर्विस और कई अन्य एजेंसियों को इनसैट-3डीएस से फायदा मिलेगा।

## केंद्रीय मंत्री स्मृति ने पति के साथ हवन-पूजन के बाद किया गृहप्रवेश, उज्जैन से बुलाए गए थे ब्राह्मण



अमेठी। केंद्रीय मंत्री और अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी ने हवन पूजन के बाद बृहस्पतिवार को अपने नए घर में गृह प्रवेश किया। इस मौके पर उज्जैन से आए विद्वान ब्राह्मणों द्वारा गृह प्रवेश की पूजा संपन्न कराई गई। जिसके बाद सांसद ने अपने आवास में गृह प्रवेश किया। सांसद के साथ उनके पति जुबिन ईरानी भी मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री सुरेश पासी, जिलाधिकारी निशा अनंत, एसपी डॉ इलमारन जी समेत भाजपा जिलाध्यक्ष और बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री और सांसद स्मृति ईरानी ने 2021 में गौरीगंज तहसील के मेदन मवई गांव में 11 बिस्वा जमीन खरीदी थी। इसी जमीन पर सांसद का आलीशान मकान बनकर तैयार हो गया जिसमें सांसद स्मृति ईरानी ने गृह प्रवेश किया है। स्मृति ईरानी ने पहली बार 2014 में अमेठी से चुनाव लड़ा था। हालांकि, पहली बार में उन्हें हार मिली थी। इसके बाद भी उन्होंने लोकसभा क्षेत्र में आना नहीं छोड़ा और 2019 के चुनाव में जीत हासिल की। उनकी पहचान एक जुझारू नेता की है। अब उन्होंने अमेठी में अपना घर बना लिया है। बीते दिनों उन्होंने यहां के पूर्व सांसद राहुल गांधी को फिर से अमेठी में चुनाव लड़ने की चुनौती दी। हवन-पूजन के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री ने घर के अंदर पूजा पाठ किया।

## ओडिशा दौरे पर रक्षा मंत्री, लोगों से बोले- भाजपा ने राजनीति में विश्वसनीयता का संकट समाप्त किया



भुवनेश्वर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ओडिशा की यात्रा पर है। इस दौरान वह पार्टी सदस्यों के साथ एक सभा में भाग लेंगे और मयूरभंज जिले में एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित किये। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस द्वारा पैदा किए गए राजनीति में विश्वसनीयता के संकट को समाप्त किया है और वादों को पूरा करके लोगों का विश्वास हासिल किया है। रक्षा मंत्री सिंह तीन लोकसभा क्षेत्रों नबरंगपुर, कालाहांडी और बोलांगीर के पार्टी कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा नहीं किया, जिससे लोगों का नेताओं पर से भरोसा उठ गया था, लेकिन भाजपा ने अपने चुनावी वादों को पूरा करके लोगों का भरोसा जीता है। इस प्रकार राजनीति में विश्वसनीयता का संकट समाप्त हुआ है। जनता को अब प्रधानमंत्री मोदी पर भरोसा है। रक्षा मंत्री ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस चुनाव के बाद लोगों से किए गए वादे भूल जाती थी और इसलिए लोगों का नेताओं पर से भरोसा उठ गया था। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, 'लोगों ने पीएम मोदी में इतना भरोसा दिखाया है कि केंद्र सरकार में उनका तीसरा कार्यकाल होगा और चौथा कार्यकाल भी होगा।' रक्षा मंत्री ने आगे कहा लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के 2014 में सत्ता में आने के बाद से चीजें बदली हैं। आप हमारे चुनाव घोषणापत्र को देख सकते हैं और आप पाएंगे कि सभी वादे पूरे किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अनुच्छेद 370 को समाप्त करने, तीन तलाक को खत्म करने और अयोध्या में श्री राम मंदिर के निर्माण का वादा किया था और सभी वादे पूरे किए गए। उन्होंने कहा कि लोगों को अब एहसास हो गया है कि भाजपा जो वादे करती हैं उन्हें पूरा करती है। रक्षा मंत्री ने कहा, 'हम (भाजपा) लोगों की सेवा करने की और राष्ट्र निर्माण के लिए राजनीति करते हैं केवल देश पर शासन करने की नहीं।'

## बोलेरो चला रहे चालक को आया हार्ट अटैक, शोभायात्रा में घुसी बेकाबू गाड़ी, कई को कुचला



राजस्थान। राजस्थान के नागौर जिले में बोलेरो चला रहे चालक को हार्ट अटैक आ गए। इससे बेकाबू गाड़ी आगे चल रही विश्वकर्मा भगवान की शोभायात्रा में घुस गई। बेकाबू बोलेरों ने सात-आठ लोगों को कुचल दिया। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, बोलेरो चला रहे चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हादसा गुरुवार सुबह करीब 11 बजे डेगाना कस्बे के मुख्य बाजार में हुआ। यहां जांगिड़ समाज की ओर से विश्वकर्मा भगवान की शोभायात्रा निकाली जा रही थी। करवा गली के पास शोभा यात्रा में शामिल लोग चल रहे थे और उनके पीछे धीरे-धीरे एक बोलेरो चल रही थी। इस दौरान बोलेरो चला रहे ड्राइवर ईसान खान (60) को हार्ट अटैक गया। जिससे वह बोलेरो पर नियंत्रण खो बैठा और बेकाबू बोलेरो शोभा यात्रा में चल रहे लोगों को कुचलते हुए सड़क किनारे लगे ठेलों से टकरा गई। बताया जा रहा है कि हादसे में चाल लोगों को ज्याद चोटें आई हैं। जिनमें से दो को अजमेर और दो को नागौर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। वहीं, बोलेरो चालक की हार्ट अटैक के कारण इलाज के दौरान मौत हो गई।

## गोरखपुर में बोले सीएम योगी, विकसित भारत के लिए यूपी का विकास जरूरी



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार का लक्ष्य विकसित भारत बनाने का है। विकसित भारत के इस संकल्प को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश को विकसित बनाना होगा और उत्तर प्रदेश को विकसित बनाने के लिए गोरखपुर को विकसित करना होगा। विकसित देश, प्रदेश और जनपद के इस संकल्प को पूर्ण करने के लिए औद्योगिक निवेश भी आवश्यक है। सीएम योगी गुरुवार को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र को 1040 करोड़ रुपये की 20 परियोजनाओं की सौगात देने के बाद गीडा के सेक्टर 13 में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। 120 एकड़ में आवासीय परियोजना भी लॉन्च की। आवासीय योजना में छोटे, मध्यम और बड़े आकार के भूखंड होंगे। कालेसर में व्यावसायिक एवं आवासीय परियोजना कनेक्टिविटी के लिहाज से बेहतर है। इसकी कनेक्टिविटी एनएच-28, लखनऊ-मुजफ्फरपुर फोरलेन राजमार्ग एवं सोनौली राजमार्ग से है। कालेसर में ही एक अंतरराज्यीय बस टर्मिनल बनाने की भी योजना है। एसडी इंटरनेशनल की करीब 300 करोड़ रुपये के निवेश वाली यूनिट (प्लास्टिक रिसाइक्लिंग प्लांट एवं फूड पैकेजिंग कंटेनर यूनिट) का शिलान्यास और गीडा की 90 करोड़ रुपये की लागत वाली 18 अन्य विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी सीएम योगी ने किया।

## लोकसभा चुनाव से पहले स्वामी प्रसाद मौर्य ने लॉन्च किया अपना नया राजनीतिक दल 'राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी'



नई दिल्ली। स्वामी प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को अपने नए राजनीतिक दल 'राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी' लॉन्च कर दी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में एक कार्यक्रम के दौरान पार्टी की घोषणा की गई। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्वामी प्रसाद मौर्य के समर्थकों ने एक साथ दलितों और पिछड़ों के लिए आवाज उठाने का प्रण लिया। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि स्वामी प्रसाद मौर्य ने तीन दिन पहले समाजवादी पार्टी पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए पार्टी सदस्यता और एमएलसी पद से त्यागपत्र दे दिया था। उनके इस कदम को लोकसभा चुनावों से जोड़कर देखा जा रहा है। राजनीति के जानकारों के अनुसार, स्वामी के इस कदम से राजनीतिक तौर पर सबसे ज्यादा नुकसान समाजवादी पार्टी को ही होगा।

## संपादकीय

### चंडीगढ़ का संदेश

चंडीगढ़ में मेयर पद के चुनाव के दौरान अनुचित तौर-तरीके अपनाए जाने के आरोपों के बाद सामने आए नतीजे के रूप में जो अलोकतांत्रिक स्थिति उपजी थी, उसे शीर्ष अदालत के निर्णय ने दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया है। अब सवाल यह है कि जब एक नगर निगम के मेयर के चुनाव में इस स्तर तक धांधली हो सकती है तो बड़े चुनावों को लेकर राजनीतिक दल किस स्तर तक तक जा सकते हैं? यहां सवाल सत्तारूढ़ राजनीतिक दल पर तो है ही, प्रश्न इस केंद्र शासित प्रदेश के उन आला अधिकारियों पर भी उठे हैं जिनकी जवाबदेही लोकतांत्रिक प्रक्रिया की शुचिता बनाये रखने के लिये थी। चंडीगढ़ नगर निगम का सवाल इसीलिये अधिक संवेदनशील हो जाता है, क्योंकि अन्य केंद्रशासित प्रदेशों की तरह यहां निर्वाचित जनप्रतिनिधि सभा नहीं है। इस प्रकरण से सवाल इस केंद्रशासित प्रदेश के प्रशासन में दखल रखने वाले केंद्र के बड़े अधिकारियों पर भी उठते हैं। विपक्षी दल इस दौरान चंडीगढ़ के प्रशासक और पंजाब के राज्यपाल के इस्तीफे को भी इस घटनाक्रम से उपजी प्रतिक्रिया के रूप में देखते हैं। जिसके निहितार्थ चुनाव के दौरान अपनायी गई प्रक्रिया के प्रति असंतोष के रूप में देखे गये। बहरहाल,अदालत के फैसले के बाद उन अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए जिन्होंने सारे प्रकरण के प्रति आंखें मूंदे रखी। आखिर क्यों हमारे राजनीतिक दल भी चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता कायम नहीं रख पाते? क्यों हर मामले में कोर्ट को दखल देकर न्यायसंगत चुनाव का मार्ग प्रशस्त करना पड़ता है? यदि कोर्ट नगर निगम और पालिकाओं के छोटे मामलों में बार-बार हस्तक्षेप करने को बाध्य होगी तो क्या राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों को सुलझाने के लिये अदालत का समय प्रभावित नहीं होगा? कहीं न कहीं अदालतों में लगे वादों के अंबार के मूल में यह वजह भी है कि राजनीतिक दलों के पचड़े सुलझाने में कोर्ट का समय अनावश्यक रूप से व्यय होता है। माना जाना चाहिए कि चंडीगढ़ महापौर के मामले में दिया गया शीर्ष अदालत का फैसला भ्रष्ट राजनेताओं के लिये सबक ही नहीं, मार्गदर्शक नजीर भी साबित होगी। बहरहाल, शीर्ष अदालत के फैसले ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व को प्राणवायु दे दी है। दिल्ली के मुख्यमंत्री व आप सुप्रीमो ने पुरानी कहावत दोहराते हुए कहा भी कि सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं। अब वे सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भाजपा पर नये सिरे से हमलावर हो रहे हैं। बल्कि वे भाजपा के आगामी लोकसभा चुनाव में जीत के दावों को लेकर भी सवाल उठा रहे हैं। दरअसल, चंडीगढ़ मेयर पद पर आप व कांग्रेस के साझे प्रत्याशी की जीत को अब इंडिया गठबंधन की जीत के रूप में दशार्या जा रहा है। कहा जा रहा है कि पिछले महापौर चुनाव में ऊंच-नीच हुई थी, लेकिन मामला इतनी चर्चा में नहीं आया। अब तो राष्ट्रीय स्तर पर लोकसभा चुनाव को लेकर आप व कांग्रेस के तालमेल को लेकर नये सिरे से चर्चा होने लगी है। निस्संदेह, आप व कांग्रेस खेमे में इस फैसले को लेकर उत्साह है और अपने-अपने हिसाब से इसकी व्याख्या की जा रही है। निश्चित रूप से लोकतंत्र में निर्वाचित प्रतिनिधियों को न्यायसंगत ढंग से अपने वोट का इस्तेमाल करने का अधिकार होना चाहिए। वहीं लोकतंत्र में संख्याबल का सम्मान किया जाना चाहिए। मेयर चुनाव में लोकतांत्रिक प्रक्रिया का मजाक बनाने वाले पीठासीन अधिकारी को शीर्ष अदालत की लताड़ निश्चित रूप से अन्य लोगों के लिये सबक साबित होगा। सवाल यह भी है कि पीठासीन अधिकारी ने यह कृत्य पार्टी के प्रति वफादारी जताने के लिये किया या फिर उस पर बाहरी दबाव था। निश्चित रूप से भाजपा नेतृत्व को भी हालिया घटनाक्रम से असहज स्थिति का सामना करना पड़ा है। उसकी छवि पर भी इसका प्रभाव पड़ सकता है। निस्संदेह, किसी लोकतंत्र की विश्वसनीयता तभी कायम रह सकती है जब चुनाव प्रक्रिया छल-बल के प्रभाव से मुक्त हो सके। हमारे तंत्र को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जनादेश का सम्मान करते हुए कोई चयन प्रक्रिया संपन्न हो। बाहरी दबाव से निर्णय बदलना लोकतंत्र का गला घोटने जैसा ही होगा।

### है खतरे में साख!



होना होगा पेश ।
भागो बच कर लाख ।।
देर हो रही जितनी ।
है खतरे में साख ।।
ना चलना बहाना ।
है करना स्पष्ट ।।
मुख्य चेहरा आप ।
किसलिए फिर कष्ट ।।
उत्तम है यदि आप ।
करें ऐसा पेश ।।
भागने से ऐसे ।
रहता बढ़ता क्लेश ।।
न्याय और कानून पर ।
ठीक नहीं प्रहार ।।
आप नहीं अबोध ।
करें तनिक उपकार ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# राजनीति के शोर में संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं की आवाज दबनी नहीं चाहिए

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

बीते कुछ दिनों से पश्चिम बंगाल का संदेशखाली सुर्खियों में बना हुआ है। संदेशखाली से जो खबरें छन-छनकर बाहर आ रही हैं, वो किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को व्यथित कर सकती हैं। संदेशखाली पर जितनी रपटें और विश्लेषण सामने आए हैं, उनके मद्देनजर आश्चर्य होता है कि 2011 से वहां दरिंदों के अत्याचार, यौन उत्पीड़न और भूमि पर जबरन कब्जों के सिलसिले जारी रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री उन्हें झूठ करार दे रही हैं। जो जानकारी आई उसके आधार पर ये कहा जा सकता है कि संदेशखाली में मध्ययुगीन गुलाम प्रथा जिंदा है।

संदेशखाली का पूरा मामला प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की कार्रवाई के बाद लोगों के सामने आया है। बीती 5 जनवरी, 2024 को ईडी के अधिकारियों ने राशन भ्रष्टाचार मामले में संदेशखाली के सरबेड़िया में तृणमूल नेता शेख शाहजहां से पूछताछ करने पहुंचे हुए थे। तृणमूल के गुंडों की मदद से न सिर्फ नेता शाहजहां शेख फरार हो जाने में कामयाब रहा, बल्कि इस दौरान सरकारी अधिकारियों पर भी हमले भी किए गए थे। इसके बाद से ही स्थानीय लोगों ने अपनी आवाज तेज कर दी और खुलकर सामने आ गए। जो कुछ भी उनके द्वारा बताया गया, वह 21वीं सदी में अकल्पनीय है। शाहजहां शेख और उसके गुर्गे महिलाओं को अपनी निजी संपत्ति मानकर उठा ले जाते रहे और तृणमूल कार्यालय में रखकर उनका यौन शोषण कर छोड़ देते थे। विवाहित महिला के पति को भी ये कहा जाता कि उसकी पत्नी पर पहला अधिकार शेख का है। किसी भी सुंदर महिला को जबरन उठाकर ले जाना और उसका यौन शोषण करना संदेशखाली में आम बात थी। जब महिलाओं से पूछा गया कि वे इस अत्याचार के विरुद्ध अब तक खामोश क्यों रहीं तो उनका उत्तर था कि शाहजहां जब ईडी के डर से फरार हुआ तब जाकर उनमें साहस आया। वह लोगों की जमीनों पर जबरन कब्जा करने और उनकी मजदूरी छीनकर आतंकित करने का काम करता रहा किंतु तृणमूल कांग्रेस से जुड़ा होने की वजह से उसका हौसला बुलंद था।



ईडी की छापेमारी के बाद संदेशखाली महिला सशक्तीकरण का जीवंत उदाहरण बन गया है। लेकिन महिला होने के बावजूद ममता बनर्जी अभी तक अपनी पार्टी के कुख्यात नेता पर लग रहे आरोपों पर ध्यान देने के बजाय ये शिगूफा छोड़ रही हैं कि संदेशखाली आरएसएस का प्रभावक्षेत्र है। महिलाओं पर उनके साथ हुए बलात्कार को साबित करने का दबाव भी बनाया जा रहा है। विवाद बढ़ने के बाद 12 फरवरी को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने संदेशखाली का दौरा किया। यहां की महिलाओं से मुलाकात के बाद राज्यपाल ने मीडिया से कहा, मैंने संदेशखाली की माताओं और बहनों की बातें सुनी. मुझे विश्वास नहीं हुआ कि रबिन्द्र नाथ टैगोर की धरती पर ऐसा भी हो सकता है। राज्यपाल के बयान से स्थिति की गंभीरता को समझा जा सकता है। राष्ट्रीय महिला आयोग की फैक्ट-फाइंडिंग टीम की रिपोर्ट से भी संदेशखाली के हालात की भयानकता उजागर हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है, गांव की महिलाओं से जुटाई गई गवाहियां परेशान करने वाली हैं, जो वहां व्यापक भय और व्यवस्थित दुर्व्यवहार की एक भयावह तस्वीर सामने लाती हैं। इसके मुताबिक, पीड़िताओं ने पुलिस अधिकारियों और तृणमूल कांग्रेस के लोगों की ओर से की गई शारीरिक और यौन हिंसा की वारदातों का जिक्र किया। इससे लगता है कि शाहजहां शेख ने संदेशखाली में अपने गुनाहों का जो साम्राज्य कायम किया था, उसमें पुलिस भी सक्रिय तौर पर शामिल थी। राष्ट्रीय महिला आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस गांव की जिस महिला ने भी अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई, उन्हें उसका खामियाजा भुगतना पड़ा। चारों ओर से दबाव पड़ने पर दिखावे के लिए कुछ छुटभैये किस्म के तृणमूल नेताओं को पुलिस ने जरूर पकड़ा है किंतु जो लोग संदेशखाली के हालात का जायजा लेने जा रहे हैं उनको भी रोकने की करवाई पुलिस और प्रशासन द्वारा किए जाने से साफ है कि ममता सरकार को महिलाओं के मान-सम्मान से अधिक अपनी पार्टी के नेताओं की चिंता है। पश्चिम बंगाल की तृणमूल सरकार ने मुस्लिम तुष्टिकरण की सारी हदें पार कर दी हैं। बंगाल में 27 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है। ममता बनर्जी इनके तुष्टिकरण से ही सत्ता में बनी हुई हैं और इस्लामी एजेंडे को आगे बढ़ा रही हैं। ममता बनर्जी के शासनकाल में पश्चिम बंगाल में हिंदुओं को अपने धार्मिक रीति-रिवाज, पर्व-त्योहार मनाने तक की स्वतंत्रता नहीं रह गई है।

वस्तुस्थिति ये है कि वामपंथी सरकार के राज में जो गुंडे आतंक का पर्याय थे वे सभी सत्ता परिवर्तित होते ही तृणमूल कांग्रेस में आ गए। परिणामस्वरूप पश्चिम बंगाल की स्थिति आसमान से टपके खजूर पर अटके वाली होकर रह गई। पहले जो लूटपाट वामपंथी पार्टी का कैडर करता था, वही अब तृणमूल कार्यकर्ता बन चुके असामाजिक तत्व धड़ल्ले से करते हैं। चूंकि पुलिस उनके क्रियाकलापों पर रोक नहीं लगाती लिहाजा जनता भी भयग्रस्त है। संदेशखाली की घटना पहली नहीं है। बीते कुछ सालों में यह राज्य अराजकता के शिकंजे में फंस गया है। चूंकि कांग्रेस और वामपंथी पूरे तौर पर हाशिए पर आ चुके हैं इसलिए भाजपा ही पश्चिम बंगाल में विकल्प के रूप में उभर रही है। संदेशखाली की लड़ाई में भी वही पीड़ित महिलाओं के साथ खड़ी हुई है। हालांकि लोकसभा में कांग्रेस दल के नेता अधीर रंजन चौधरी ममता सरकार के विरुद्ध आवाज उठाया करते हैं किंतु जिस इंडिया गठबंधन में तृणमूल भी शामिल है, उसकी ओर से संदेशखाली में हुए अत्याचार के विरुद्ध कुछ न कहा जाना चौंकाता है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी की तरफ से भी ममता बनर्जी की सरकार का वैसा विरोध नहीं हुआ जैसा अपेक्षित था। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधानसभा में कहा है कि संदेशखाली में आरएसएस का अड्डा है और वही औरतों को उकसा और बरगला रहा है। यदि संघ किन्हीं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त है, तो मुख्यमंत्री और राज्य पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की? लेकिन ममता बनर्जी ने इस कांड पर अब तक जिस प्रकार का गैर जिम्मेदाराना रवैया दिखाया वह शर्मनाक है। क्या यह संभव हो सकता है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जानकारी ही न हो कि उनका सिंडिकेट कहां है? ममता-राज के दौरान तृणमूल के भीतर ही ऐसा सिंडिकेट बना दिया गया है, जो ज्यादातर हिंदू आबादी पर ही दरिंदगी दिखाते हैं। पुरुषों को जान से मार देने की धमकियां भी देते हैं। 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान इसी सिंडिकेट ने भाजपा के खिलाफ 273 घटनाएं की थीं।

# आंदोलन पर उतारू किसानों ने की है इस बार भरपूर तैयारी, ऐसा लगता है जैसे युद्ध की है बारी

**नीरज कुमार दुबे**



किसानों के दिल्ली चलो मार्च के चलते भारी सुरक्षा बंदोबस्त किये गये हैं। पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए और किसानों ने पुलिस के अवरोधकों को तोड़ने के लिए जिस तरह की तैयारियां कर रखी हैं उसके चलते फिलहाल यह तय कर पाना मुश्किल लग रहा है कि किसने ज्यादा अच्छे बंदोबस्त कर रखे हैं। किसान इस बार जिस तरह आंसू गैस के गोलों के प्रभाव से बचाने वाले मास्क, पोकलेन, जेसीबी मशीनों और एम्बुलेंसों से सुसज्जित भीड़ लेकर दिल्ली में घुसने को आतुर नजर आ रहे हैं वह ऐसा दृश्य पैदा कर रहा है जैसे कोई युद्ध छेड़ा जाने वाला है। सरकार बार-बार अपील कर रही है बातचीत से मसला सुलझा लो, सरकार बार-बार वर्तमान आर्थिक परिदृश्यों में सबसे बेहतर प्रस्ताव दे रही है लेकिन किसान मानने को तैयार नहीं हैं। रिपोर्टें तो इस तरह की भी हैं कि चौथे दौर की वार्ता में सरकार ने किसानों के समक्ष जो प्रस्ताव रखा था उसे बातचीत में शामिल लोग मानने के लिए तैयार थे लेकिन उन पर शायद कुछ बाहरी दबाव थे जिसके चलते उन्होंने प्रस्ताव ठुकरा कर दिल्ली कूच की तैयारी कर दी।

यह दिल्ली कूच पूरे एनसीआर के लिए कितना भारी पड़ रहा है शायद इस बात का अंदाजा आंदोलन पर उतारू लोगों को नहीं है। बताया जा रहा है कि कुछ जगहों पर इंटरनेट पर पाबंदियां लगाई गयी हैं सोचिये आज के इस डिजिटल इंडिया में यदि इंटरनेट पर पाबंदी लग जाये तो कितनी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इस समय सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं भी चल रही हैं। इंटरनेट पर पाबंदी लगने से बच्चों को पढ़ाई में तो दिक्कतें होंगी ही साथ ही ट्रैफिक जाम के चलते परीक्षा केंद्र पर समय से नहीं पहुँचने का भय भी है। रिपोर्टें तो इस तरह की भी हैं कि तमाम अभिभावकों ने अपने बच्चों को परीक्षा केंद्र के निकट रहने वाले किसी रिश्तेदार, मित्र या परिचित के यहां शिफ्ट कर दिया है ताकि उसे कोई दिक्कत नहीं हो। देखा जाये तो अपने जीवन की पहली बड़ी परीक्षा देने जा रहा 10वीं कक्षा का छात्र पूरी तैयारी होने के बावजूद कुछ घबराया-सा होता है उस पर यदि उसके मन में यह भय रहे कि पता नहीं वह समय पर परीक्षा केंद्र पर पहुँच पायेगा या नहीं तो सोचिये उसके मन पर क्या असर पड़ता होगा?

बात सिर्फ परीक्षार्थियों की ही नहीं है। आपको जहां-तहां ट्रैफिक जाम में एंबुलेसों के फंसे होने के दृश्य दिख जायेंगे। आपको जहां-तहां ट्रैफिक जाम में फंसे लोग फोटो लेकर अपने ऑफिस में भेजते दिख जाएंगे। सवाल उठता है कि दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में रहने वाली आम जनता की क्या गलती है? पहले ही इस भागमभाग वाली जिंदगी में लोगों के पास अपने लिये ही समय नहीं है उस पर जब देखो तब एक नई टेंशन मिल जाती है। जब तब दिल्ली को घेरने का ऐलान होते ही एनसीआर के लोगों को आफिस समय पर पहुँचने के लिए और पहले घर से निकलना पड़ता है, रेलवे स्टेशन या हवाई अड्डा जाना हो तो और पहले निकलना पड़ता है। हो सकता है किसानों की सभी मांगें पूरी हो जायें और वह नाचते गाते अपने घरों को चले जाएं लेकिन इस क्षेत्र के आम आदमी के समय और संसाधन का जो नुकसान हुआ उसकी भरपाई कौन करेगा? सवाल यह भी है कि प्रतिबंधों के चलते जिन लोगों का व्यापार या आजीविका प्रभावित हो रही है या बंद हो गयी है उसकी भरपाई कौन करेगा?

# संतों और समाज सुधार की महान परंपरा में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज जी का प्रमुख स्थान है

**नरेंद्र मोदी**

जीवन में हम बहुत कम ऐसे लोगों से मिलते हैं, जिनके निकट जाते ही मन-मस्तिष्क एक सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। ऐसे व्यक्तियों का स्नेह, उनका आशीर्वाद, हमारी बहुत बड़ी पूंजी होता है। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज मेरे लिए ऐसे ही थे। उनके समीप अलौकिक आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता था। आचार्य विद्यासागर जी जैसे संतों को देखकर ये अनुभव होता था कैसे भारत में आध्यात्म किसी अमर और अजस्त्र जलधारा के समान अविरल प्रवाहित होकर समाज का मंगल करता रहता है। आज मुझे, उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुआ संवाद, सब बार-बार याद आ रहा है। पिछले साल नवंबर में छत्तीसगढ़ में डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी जैन मंदिर में उनके दर्शन करने जाना मेरे लिए परम सौभाग्य की बात थी। तब मुझे जरा भी इस बात का अंदाजा नहीं था कि आचार्य जी से मेरी यह आखिरी मुलाकात होगी। वह पल मेरे लिए अविस्मरणीय बन गया है। इस दौरान उन्होंने काफी देर तक मुझसे बातें कीं। उन्होंने पितातुल्य भाव से मेरा ख्याल रखा और देश सेवा में किए जा रहे प्रयासों के लिए मुझे आशीर्वाद भी दिया। देश के विकास और विश्व मंच पर भारत को मिल रहे सम्मान पर उन्होंने प्रसन्नता भी व्यक्त की थी। अपने कार्यों की चर्चा करते हुए वह काफी उत्साहित थे। इस दौरान उनकी सौम्य दृष्टि और दिव्य मुस्कान प्रेरित करने वाली थी। उनका आशीर्वाद आनंद से भर देने वाला था, जो हमारे अंतर्मन के साथ-साथ पूरे वातावरण में उनकी दिव्य उपस्थिति का अहसास करा रहा था। उनका जाना उस अद्भुत मार्गदर्शक को खोने के समान है, जिन्होंने मेरा और अनगिनत लोगों का मार्ग निरंतर प्रशस्त किया है।



भारतवर्ष की ये विशेषता रही है कि यहां की पावन धरती ने निरंतर ऐसी महान विभूतियों को जन्म दिया है, जिन्होंने लोगों को दिशा दिखाने के साथ-साथ समाज को भी बेहतर बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संतों और समाज सुधार की इसी महान परंपरा में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज जी का प्रमुख स्थान है। उन्होंने वर्तमान के साथ ही भविष्य के लिए भी एक नई राह दिखाई है। उनका संपूर्ण जीवन आध्यात्मिक प्रेरणा से भरा रहा। उनके जीवन का हर अध्याय, अद्भुत ज्ञान, असीम करुणा और मानवता के उत्थान के लिए अटूट प्रतिबद्धता से सुशोभित है। संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जी सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन और सम्यक चरित्र की त्रिवेणी थे। उनके व्यक्तित्व की सबसे विशेष बात ये थी कि उनका सम्यक दर्शन जितना आत्मबोध के लिए था, उतना ही सशक्त उनका लोक बोध भी था। उनका सम्यक ज्ञान जितना धर्म को लेकर था, उतना ही उनका चिंतन लोक विज्ञान के लिए भी रहता था। करुणा, सेवा और तपस्या से परिपूर्ण आचार्य जी का जीवन भगवान महावीर के आदर्शों का प्रतीक रहा, उनका जीवन, जैन धर्म की मूल भावना का सबसे बड़ा उदाहरण रहा। उन्होंने जीवन भर अपने काम और अपनी दीक्षा से इन सिद्धांतों का संरक्षण किया। हर व्यक्ति के लिए उनका प्रेम, ये बताता है कि जैन धर्म में जीवन का महत्व क्या है। उन्होंने सत्यनिष्ठा के साथ अपनी पूरी आयु तक ये सीख दी कि विचारों, शब्दों और कर्मों की पवित्रता कितनी बड़ी होती है। उन्होंने हमेशा जीवन के सरल होने पर जोर दिया। आचार्य जी जैसे व्यक्तित्वों के कारण ही, आज पूरी दुनिया को जैन धर्म और भगवान महावीर के जीवन से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। वो जैन समुदाय के साथ ही अन्य विभिन्न समुदायों के भी बड़े प्रेरणास्रोत रहे। विभिन्न पंथों, परंपराओं और क्षेत्रों के लोगों को उनका सानिध्य मिला, विशेष रूप से युवाओं में आध्यात्मिक जागृति के लिए उन्होंने अथक प्रयास किया। शिक्षा का क्षेत्र उनके हृदय के बहुत करीब रहा है। बचपन में सामान्य विद्याधर से लेकर आचार्य विद्यासागर जी बनने तक की उनकी यात्रा ज्ञान प्राप्ति और उस ज्ञान से पूरे समाज को प्रकाशित करने की उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दिखाती है। उनका दृढ़ विश्वास था कि शिक्षा ही एक न्यायपूर्ण और प्रबुद्ध समाज का आधार है।

### खून का रंग सफेद



कैसे खून का रंग सफेद हो गया रिस्तो में !!
गैरों की तो बात छोड़ो आजकल तो अपनो में !!
पैसा क्यों इतना जरुरी हो गया !!
हर रिस्ते को निगल गया !!
माँ बाप भाई बहन खून के रिस्ते हल्के हो गये !!
सब पर भारी हो गया धन दौलत और पैसे !!
वृद्धआश्रम बनाने वालों ने अच्छा ही किया !!
वरना जानवरों की तरह जाने कितने माँ बाप रोड के किनारे मीलते !!
माँ बाप तो सारी जिंदगी की कमाई लुटा देते हैं !!
बच्चे मां - बाप मे बँटवारा कर लेते हैं!!
कैसे छोड़ आते हैं वृद्ध आश्रम में मां ओ को !!
कैसे निंद आ जाती है मां के बीना !!
सिसकतीं हुई मां की आँखों को नहीं देखते !!
उसकी आँखें कहती है एक बार माँ को लगे तो लगा ले !
तुम्हारी तो एक छोटी आहट से भी जाग जाया करती थी !!
दिन भर थक कर भी तुझे रात भर जाग कर सुलाती थी !!
तुझे भुख लगी हैं ये बोलने भी नहीं आता था !!
माँ समझ लेती थी कि तुझे भुख लगी हैं !!
जब तुझे बोलना नहीं आता था !!
तेरी हु हाँ भी समझ लेती थी मां !!
आज तु इतना बड़ा हो गया !!
तु बोलता है कि तुम नहीं समझोगी मां !!
आज फालतू हो गयी मां तेरे लिए !!
जैसे घर पुराने समान हैं तेरे लिए !!
एक बार तु पुछ तो कैसी हो मां !!
दुनिया की सारी खुशियाँ मील जाती हैं मां को !!
मां की दुआओं में बड़ी ताकत होती हैं !!
तो उसकी बद्दुआ से भी बरबाद हो जाती हैं जिंदगी !!
मत रुलाओ मां बाप को !!
इस दुनिया से जाने के बाद लौट कर नहीं आता कोई !!

**मीना सिंह राठौर**
**नोएडा उत्तर प्रदेश**

## सार्वजनिक जगह से हटा अवैध अतिक्रमण चला प्रशासनिक बुलडोजर, शिकायतकर्ता भी लपेटे में

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। उच्च न्यायालय के आदेश पर तहसील प्रशासन ने क्षेत्र के जसदेवपुर गांव में सार्वजनिक गढ़ही आराजी संख्या 157 से प्रशासन की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाया गया। तहसीलदार सुनील कुमार सिंह एवं नायब तहसीलदार विपिन चौरसिया की नेतृत्व में स्थानीय पुलिस के अलावा अन्य थानों की पुलिस के साथ आज सुबह लगभग 12 बजे लावलस्कर के साथ जसदेवपुर पहुंचे। प्रशासन की मौजूदगी में अतिक्रमण को जेसीबी से ढ़हाया गया । जिसमें शिकायत कर्ता घर की बाउंड्री तथा सुरेंद्र पांडे की पक्की चहारदीवारी बेल का पेड़ तथा टीन सेड को जेसीबी से हटवाया गया। ज्ञात होगी इसी गांव के अजय राय में उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दाखिल कर सार्वजनिक गढ़ही एवं नवीन प्रति भूमि से अवैध कब्जे की शिकायत के बाद कोर्ट के निर्देश पर आज







अतिक्रमण को जेसीबी से तोड़ा । मौके पर मौजूद तहसीलदार सुनील कुमार सिंह ने बताया कि अराजी संख्या 157 जो सा सार्वजनिक पोखरा गड़ही पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण किया था। इसी क्रम में आराजी संख्या 156 बंजर भूमि पर कुछ लोगों ने इस पर भी अतिक्रमण कर कर झोपड़ी डालकर रह रहे थे जिसमें मोती यादव बालेश्वर यादव दया यादव सुभाष यादव महगू यादव इनकी भी इन लोगों की भी करकट झोपड़ी दीवाल को धाकड़ अतिक्रमण मुक्त किया गया कुछ पक्की मकान है बच गई इस संबंध में तहसीलदार मोहम्मदाबाद सुनील कुमार सिंह ने बताया कि 157 नंबर गाड़ी की जमीन पूरी तरह से खाली कर दी गई है परंतु 156 नंबर बंजारा की जमीन में डालने वालो खाली कर दिया गया है लेकिन कुछ पक्की मकान बन जाने से मकान मालिक न्यायालय में चले गए हैं इसलिए उनके मकान नहीं गिराई जा सकी आगे न्यायालय के आदेश का उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में पीआईएल दाखिल किया गया था। जिसमें शिकायत कर्ता सहीत अन्य लोगों का अतिक्रमण हटाया गया। चिन्हित गांव सभा की जमीन से क्रमवार अतिक्रमण हटाया जाएगा ।इस मौके पर थानाध्यक्ष राजेश बहादुर सिंह के अलावा मुहम्मदाबाद बरेसर, करीमुद्दीनपुर, तथा नोनहरा थानाध्यक्ष सहित काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। एवं भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## चकवाकर राजेला गांव में लगी पंचायत चकबंदी के विषय पर हुई चर्चा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गुरुवार को दिन में 12:30 ग्राम सभा चकवाकर राजेला के पंचायत भवन पर एक पंचायत आहुत किया गया जिसमें चकबंदी अधिकारी वह कर्मचारी एवं लेखपाल और पंचायत के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। इस बैठक की अध्यक्षता प्रधान प्रतिनिधि सुजीत तिवारी के द्वारा किया गया इस बैठक में चकवाकर राजला में चकबंदी के विषयों पर चकबंदी के लाभ व सरकारी भूमि सुरक्षित भूमि चकरोड चकनाली के विषय पर चर्चा किया गया। चकबंदी अधिकारी के माध्यम से यह काश्तकारों को सूचित किया गया कि जो भी काश्तकार मिलकर जितना डिमांड करेंगे उतना जमीन सुरक्षित किया जायेगा। उसके हिसाब से जमीन की कटौती करके सबका अलग-अलग जमीन का हिस्सा लगेगा साथ ही साथ कई वर्षों से अधूरा सड़क गांव में संपर्क मार्ग नाली नाला आदि सुरक्षित जमीनों को निकाला जाएगा यदि कश्तकारों के द्वारा या बच्चों के द्वारा कुछ और खेल कूद के लिए अथवा खलिहान आदि की मांग की गई तो उसके लिए भी जमीन का व्यवस्था किया जाएगा सभी ग्रामीणों ने अपनी समस्या सुनाई तथा उससे निजात पाने के लिए अधिकारियों से उपाय भी पूछा अधिकारियों के द्वारा सारे ग्रामीणों को संतुष्ट करा कर हाथ उठाने का कार्य कराया गया लगभग





95% लोगों ने हाथ उठाकर के इस चकबंदी मांग का समर्थन किया और यह निवेदन किया की कम से कम जमीन नुकसान हो क्योंकि इस ग्राम पंचायत के कृषक बहुत ही कम भूमि वाले हैं ताकि इनको और भूमि की कमी ना हो सके इसी बात के साथ यह बैठक समाप्त कर आगे की कार्रवाई किया गया । बैठक में शिव प्रसाद राम, त्रिलोकी, वेद प्रकाश, संजय, कमेसर, बालेसर, प्रदीप,राजकुमार शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने के लिए एसपी ने चलाया तबादला एक्सप्रेस



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने जिले में कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए 11 निरीक्षक व उपनिरीक्षकों का स्थानांतरण कर दिया है। जिसके अनुसार निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय को दिलदारनगर से प्रभारी निरीक्षक मुहम्मदाबाद बनाया गया है। निरीक्षक विजय प्रताप सिंह को भी नोनहरा से प्रभारी निरीक्षक दिलदारनगर बनाया गया है, निरीक्षक रामसागर नागर को करंडा से प्रभारी निरीक्षक कासिमाबाद, निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी को बरेसर से प्रभारी निरीक्षक सुहवल बनाया गया है। उप निरीक्षक संतोष राय को थाना सुहवल से नगसर का थानाध्यक्ष बनाया गया है। धर्मेंद्र पांडेय को कासिमाबाद से प्रभारी निरीक्षक मरदह बनाया गया है। शैलेंद्र प्रताप सिंह को पुलिस लाईन से थानाध्यक्ष बरेसर, वीरेंद्र कुमार बरवार को बहरियाबाद से प्रभारी निरीक्षक शादियाबाद बनाया गया है। कमलेश कुमार को शादियाबाद से थानाध्यक्ष नोनहरा बनाया गया है। भूपेंद्र निषाद को थानाध्यक्ष नगसर से थानाध्यक्ष बहरियाबाद बनाया गया है। वागिश विक्रम सिंह को मरदह से थानाध्यक्ष करंडा बनाया गया है।

### हनुमान मंदिर निर्माण में लगे मजदूरों को किया गया सम्मानित

प्रखर पिंडरा। क्षेत्र के उधोपुर व मंगारी बाजार में गुरुवार को हनुमान जी की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा किया गया। इस दौरान नगर भ्रमण व कलश यात्रा निकाली गई। जिसमे काफी सँख्या में महिलाएं शामिल हुई। उधोपुर (करखियाव) में मन्दिर से जुड़े लोगों ने मन्दिर निर्माण में लगे श्रमिकों का पैर धोने के साथ उनको अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि विधायक डॉ अवधेश सिंह ने मन्दिर के समीप स्थित तालाब का जीर्णोद्धार कराने की घोषणा की। इस दौरान डॉ रंगनाथ दुबे, डॉ संगीता दुबे, दिलीप पटेल , श्याम पटेल, धर्मराज समेत अनेक लोग रहे। वही मंगारी में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान जयमल गुप्ता, जियालाल, नीलेश, विजय , संजय, संदीप व श्यामबाबू गुप्ता रहे।

### अंतरजनपदीय फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन खेले गए लीग मैच का शुभारंभ

सुखपुरा(बलिया)। संत यती नाथ मिनी स्पोर्ट स्टेडियम में बुधवार को आयोजित बिलारी अंतरजनपदीय फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन खेले गए लीग मैच का शुभारंभ समाजसेवी सुनिल कुमार गुप्ता व संजय कुमार गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। यह मैच कामाख्या (असम) व महेन (गाजीपुर) के बीच खेला गया। दोनो तरफ के खिलाड़ियों ने उम्दा खेल का प्रदर्शन किया।अंत तक कोई भी गोल नहीं कर सका। निर्णायक मण्डल द्वारा पेनाल्टी शूट का निर्णय लिया गया। जिसमें कामाख्या (असम) ने महेन(गाजीपुर) पर छः पांच से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका में राजू राय , अंकित व विरेन्द्र सिंह रहे। तथा कमेंटरी अमित व राजेश ने किया। गुरुवार का मैच सुखपुरा व बलिया के बीच खेला जाएगा। प्रतियोगिता के आयोजक संगम यादव द्वारा सभी आगंतुकों एवं खिलाड़ियों का आभार प्रकट किया। अकाश सिंह,रोहीत सिंह,पंचानंद यादव, अखिलेश यादव आदि रहे।

### ग्रा.प.ए. रसड़ा की बैठक में संगठन की मजबूती पर बल

रसडा, बलिया। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई रसड़ा की बैठक अग्रवाल धर्मशाला निकट श्रीनाथ मठ रसड़ा पर तहसील अध्यक्ष अरविंद कुमार तिवारी की अध्यक्षता में बुधवार को सकुशल संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला संरक्षक बसंत पांडे ने कहा कि संगठन एक परिवार की भांति होता है एक दूसरे के सहयोग की भावना रखनी चाहिए और आपसी संवाद होते रहना चाहिए तभी संगठन में मजबूती आता है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि तहसील इकाई रसडा. की मासिक बैठक महीने के अंतिम सप्ताह में होगी। बैठक संगठन को सशक्त गतिशील बनने पर विचार किया गया। और तहसील इकाई की आगामी बैठक 26 फरवरी दिन सोमवार को डॉक्टर संजय सिंह के आवास वार्ड 13नगर पंचायत नगरा पर करने का निर्णय लिया गया। बैठक मे डॉ.संजय कुमार सिंह, राजेश कुमार, सुनील कुमार 'सरदासपुरी', वीरेंद्र पांडे अरविंद कुमार तिवारी ने अपना विचार व्यक्त किया।

### मैरिज हॉल में खून से लथपथ मिला छात्र का शव, नाराज परिजनों व ग्रामीणों ने तीन घंटे तक लगाया जाम

बलिया। बलिया जिले के गड़वार थाना क्षेत्र के बाराबांध गांव निवासी एक युवक का शव कस्बे के बाहर से बंद मैरिज हॉल में मंगलवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। शव खून से लतपथ था। इसकी सूचना किसी ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना के बाद पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों ने गड़वार चौराहे पर चक्का जाम कर दिया। पुलिस ने लाठियां भांजकर तीन घंटे बाद जाम समाप्त कराया। कई लोगों को हिरासत में भी लिया है। गड़वार थाना क्षेत्र के बाराबांध निवासी राहुल यादव (20) अपने घर से सोमवार की शाम ही निकाला था। वो बीए तृतीय वर्ष का छात्र था। उसका शव कस्बे के मैरिज हॉल में मंगलवार की दोपहर सीड़ियों पर खून से लथपथ मिला। मैरिज हाल का बाहर से ताला बंद था। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और पीएम को भेज दिया। परिजनों को सूचना दिए बिना शव को जिला अस्पताल भेजने से नाराज लोगों ने तीन घंटे तक चक्का जाम कर दिया। मौके पर कई थानों की फोर्स भी पहुंच गई। पुलिस ने बल प्रयोग कर लोगों को वहां से हटाया। मृतक की बहन ने सड़क पर लेट कर काफी विरोध किया। उसे भी पुलिस ने जबरदस्ती हटवाया। पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को हिरासत में ले लिया।

### विश्व का सबसे बड़ा नाट्य समारोह "भारत रंग महोत्सव" का आयोजन

बलिया। विश्व के सबसे बड़े नाट्य समारोह में बलिया से संकल्प संस्था की सहभागिता। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली द्वारा प्रत्येक वर्ष विश्व का सबसे बड़ा नाट्य समारोह "भारत रंग महोत्सव" का आयोजन किया जाता है। यह साल इस आयोजन का 25 वां वर्ष है । इस अवसर पर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय दिल्ली द्वारा भारत जन रंग महोत्सव का आयोजन किया गया । इस आयोजन में पूरे देश से दो हजार संस्थाएं एक साथ एक ही समय पर एक ही नाटक प्रस्तुति देकर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। इस समारोह में बलिया जनपद से संकल्प साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था की सहभागिता रही । कलेक्ट्रेट स्थित ड्रामा हाल में " लो आ गई सोने की चिड़िया" नाटक की प्रस्तुति की गई और इसे यूट्यूब चैनल पर लाइव किया गया। दो हजार संस्थाओं ने एक ही समय पर इस नाटक का लाइव प्रदर्शन किया है । ललित प्रकाश द्वारा लिखित इस नाटक का निर्देशध जनपद के सुप्रसिद्ध रंगकर्मी आशीष त्रिवेदी ने किया है । नाटक में दिखाया गया कि हमारा देश कभी सोने की चिड़िया हुआ करता था । हमारे देश में सबसे पहले ज्ञान और विज्ञान का विस्तार हुआ और हमारे देश ने सबसे पहले पूरी दुनिया को जीरो और दशमलव दिया। अध्ययन अध्यापन का सबसे बड़ा केन्द्र भारत रहा जिसमें नालंदा विश्वविद्यालय, तक्षशिला विश्वविद्यालय , विक्रमशिला विश्वविद्यालय की बड़ी भूमिका रही । समय के साथ हमने उसे को दिया। पुनः अपने गौरवशाली अतीत को जानने और समझने की जरूरत है और ऐसे करके विश्वव स्तर पर भारत को फिर से स्थापित करना है ।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कृषि भवन सभागार में हुई किसान दिवस की बैठक

बलिया। किसान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कृषि भवन सभागार में किसान दिवस की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों की शिकायतों को शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर सुना जाए और उसका शीघ्र निस्तारण किया जाए। खासकर कृषि, सिंचाई व बिजली विभाग के अधिकारियों को विशेष रूप से किसान भाइयों की बातों का ख्याल रखने को कहा। किसान अखिलेश सिंह सहित अन्य किसानों ने फर्जी बिल आने का मामला उठाया और कहा कि प्रत्येक गांवों की लगभग यही समस्या है। आप रैंडमली गांवों का सर्वे करवा सकते हैं। सौभाग्य योजना के तहत मीटर कनेक्शन भी नहीं हुआ है, कुछ लोग गांव में भी नहीं रहते हैं फिर भी उनके






बिजली का बिल आ रहा है, सरकार की ओटीएस योजना का भी लाभ नहीं मिल रहा। इसी प्रकार से किसानों ने विद्युत विभाग के तमाम समस्याओं को जिलाधिकारी से अवगत कराया। इस पर जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक मनीष कुमार सिंह को विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को इन तमाम प्रकार की समस्याओं का उल्लेख करते हुए चिट्ठी भेजने का निर्देश दिया। इस अवसर पर किसानों ने कृषि से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। कुछ किसानों ने कहा कि कृषि से संबंधित भूमि विवाद के मामले राजस्व न्यायालयों में जमीन के अंश निर्धारण सहित अन्य मामले लंबे समय तक लंबित हैं और अधिकारी इसके निस्तारण में तत्परता नहीं दिखा रहे हैं,साथ ही चकबंदी के मामले में भी वकीलों के लगातार बहिष्कार को भी संज्ञान में लाने का अनुरोध किया।

## बीएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में एक नकलची पकड़ा गया एवं 34 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित


प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर में गुरूवार को पूर्वांचल विश्वविद्यालय बी० एड० प्रथम सेमेस्टर द्वितीय प्रश्न-पत्र की परीक्षा में एक नकलची पकड़ा गया। स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 20 अन्य बीएड महाविद्यालयों का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। गुरूवार को पूर्वान्ह 11 बजे से अपराह्न 02 बजे की पाली में बीएड प्रथम सेमेस्टर द्वितीय प्रश्न- पत्र की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें पंजीकृत 1193 परीक्षार्थियों में 1159 उपस्थित एवं 34 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षाओं की सूचिता एवं पारदर्शिता को लेकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ० राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के लिए परीक्षा विभाग, पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संपर्क में है। सूचिता एवं पारदर्शिता



पूर्वक परीक्षा संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। परीक्षा देने के लिए महाविद्यालय परिसर के गेट से घुसते समय सघन तलाशी के साथ छात्र-छात्राओं को मोबाइल, स्मार्टवॉच, पर्स, अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस एवं किसी भी प्रकार का किसी अनुचित साधन सम्बन्धित सामग्री का प्रयोग न करने की हिदायत दी जा रही है। नकल करते पकड़े गए विद्यार्थियों के खिलाफ विश्वविद्यालय के दिशा निर्देश के क्रम में आवश्यक कार्यवाही भी की जा रही है। आंतरिक उड़का दल के सदस्य के रूप में प्रोफे० डॉ० एस. डी. सिंह परिहार, प्रोफे० डॉ० अरूण कुमार यादव, डॉक्टर रामदुलारे, डॉ० आर० पी० सिंह, डॉ० गोपाल यादव, डॉक्टर शिप्रा श्रीवास्तवा आदि उपस्थित रहे।

## 9 वर्षीय बालक के अपहरण व हत्या का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी जमानिया के निकट पर्यवेक्षण में बुधवार को समय लगभग 12 बजे रात्रि चौकी प्रभारी देवल को जरिए मुखबिर सूचना मिली कि अपहरण व हत्या का आरोपी संजय नट अपने गांव से निकलकर मोटरसाइकिल से भदौरा की तरफ जा रहा है उक्त सूचना पर चौकी प्रभारी देवल द्वारा हत्यारोपी वांछित अभियुक्त को अपनी टीम के साथ घेराबंदी कर रोकने का प्रयास किया गया तो मोटरसाइकिल से झटका देते हुए भदौरा की ओर भागा, उक्त घटना की सूचना तत्काल प्रभारी निरीक्षक गहमर को दी गई जो भदौरा तिराहे पर अपनी टीम के साथ मौजूद थे प्रभारी निरीक्षक गहमर द्वारा अपनी टीम के साथ आगे से घेराबंदी की गई मिश्रौलिया गांव के पास मोड़ पर



आगे-पीछे से पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी की गई तो उक्त बदमाश मोटरसाइकिल बीच सड़क पर गिराकर सड़क के किनारे आड़ लेकर पुलिस टीम पर लक्ष्य बनाकर जान से मारने की नीयत से फायर करने लगा, पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ संतुलित जवाबी फायरिंग की गई जिसमें बदमाश के दाहिने पैर में गोली लग गई, जिसे तत्काल मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए सीएचसी भदौरा भेजा गया। यह बताते चलें कि थाना गहमर के ग्राम देवल में दिनाँक 19 फरवरी 24 को शाम लगभग 03 बजे एक नाबालिग बच्चा जिसकी उम्र लगभग 09 वर्ष थी, गायब हो गया था जिसकी काफी तलाश के पश्चात न मिलने पर उसके पिता की तहरीर पर थाना गहमर पर अज्ञात के विरुद्ध बच्चे के अपहरण का अभियोग पंजीकृत कर पुलिस द्वारा उसकी बरामदगी का प्रयास किया जा रहा था कि मुखबिरी सूचना पर बच्चे के पड़ोसी संजय नट पुत्र लतीफ नट के घर की तलाशी लेने पर घर मे रखे बक्से में गुमशुदा बच्चे का शव बरामद हुआ था। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक गहमर मय पुलिस टीम जनपद गाजीपुर रहे।

## बिजली विभाग के अधिकारियों को राज्य सूचना आयुक्त ने अनाथ आश्रम के बच्चों को भोजन कराने को दी अनोखी सजा

प्रखर वाराणसी। सूचना के अधिकार अधिनियम (आरटीआई) के तहत बिजली बिल से जुड़े मामले में सूचना न देने पर वाराणसी सर्किल सेकंड के अधीक्षण अभियंता अनिल वर्मा, नगरीय विद्युत मंडल तृतीय के अधिशासी अभियंता आरके गौतम, मैदागिन के तत्कालीन एसडीओ रवि आनंद और चौक एसडीओ सर्वेश यादव को दो अनाथालय के बच्चों को एक वक्त का भोजन कराने का दंड मिला है. अफसर 24 फरवरी को अनाथालय के बच्चों को भोजन कराएंगे. खाने की कीमत 25 हजार रुपये से ज्यादा नहीं होनी चाहिए. यह दंड राज्य सूचना आयोग ने सांकेतिक तौर पर दिया है. दरअसल, वाराणसी के सप्तसागर निवासी उमा शंकर यादव ने आयोग में शिकायत की थी कि उनके पिता बसंतु यादव के नाम पर बिजली विभाग द्वारा 2,24,741 रुपये का बिल भेजा गया है. नगरीय विद्युत खंड तृतीय, मच्छोदरी द्वारा भेजे गए बिल पर कनेक्शन का वर्ष 1911 अंकित किया गया है, जबकि 1911 में बिजली उपलब्ध ही नहीं थी. उमा शंकर की तरफ से फ्ळ्क के तहत कनेक्शन संख्या 184352100 के रिकॉर्ड की जानकारी मांगी गई थी. लेकिन अधिकारियों ने जानकारी न देते हुए वसूली नोटिस जारी कर दिया. उमाशंकर यादव की शिकायत पर राज्य सूचना आयुक्त अजय कुमार उप्रेती ने सुनवाई कर विभाग के संबंधित अधिकारियों से कई बार जानकारी मांगी. लेकिन न तो अधिकारियों ने कोई जानकारी दी और न ही उपस्थित हुए. फिर आयोग की तरफ से यह जानकारी मांगी गई कि क्या 1911 में वाराणसी में बिजली थी. अगर थी तो बिजली की एक यूनिट का रेट क्या था? इसके बाद चरों आरोपित अधिकारियों





को गिरफ्तार कर 20 जनवरी को पेश करने का आदेश दिया गया. मंगलवार को पुलिस ने सभी को आयोग के सामने पेश किया जहां उन्होंने माफी मांगी और उमाशंकर का बिजली बिल घटाकर 3998 रुपए कर दिया गया और रिकवरी नोटिस भी रद्द कर दी गई. लेकिन सूचना आयुक्त ने सांकेतिक दंड के तौर पर सभी आरोपीयों को दो अनाथालयों के बच्चों को एक वक्त का भोजन करवाने की सजा सुनाई।

## सीसीएल भोजपुरी दबंग्स के टीम निर्माण की परिकल्पना हमारी थी - पाखी हेगड़े

प्रखर वाराणसी। आप जब अपने चहेते अभिनेताओं को एक मंच पर एक साथ क्रिकेट खेलते देखते हैं तो आपके मन मस्तिष्क में एक सवाल अवश्य आता होगा कि आखिर उनकी परिकल्पना किसने किया था ? किसने हमारी भोजपुरी सितारों से सजी टीम को इस सीसीएल के पटल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी ? तो इसका जवाब है कि जब सीसीएल की शुरूआत हुई तो इस भोजपुरी दबंग्स की परिकल्पना उस समय की भोजपुरी फिल्म जगत की सबसे बड़ी अभिनेत्री पाखी हेगड़े ने किया था उन्होंने ही उस समय पूरी इंडस्ट्री को एक जगह एक नाम के नीचे लाकर इस भारत भर के अलग अलग भाषाओं के सितारों से सजी टीमों के सामने खड़ा होकर भोजपुरी दबंग्स के रूप में प्रस्तुत करने का कारनामा कर दिखाया था` दरअसल पाखी हेगड़े चाहती थी कि हमारी भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के सभी चहेते सितारे भी एक मंच पर इकट्ठा हों और ऐसा



करने के लिए जब वे जुहू के बीच पर भोजपुरी सितारों की दो टीम बनाकर क्रिकेट प्रैक्टिस करते हुए देख रही थी तभी इस सीसीएल के गठन की सूचना उन्हें मिली वो उसी समय से सोहेल खान से मिलीं और बस तब से लेकर आज तक के सफर में भोजपुरी दबंग्स ने जो नाम कमाया है वो आज तक काबिलेतारीफ है भोजपुरी दबंग्स के इस सफर में पाखी हेगड़े के इस योगदान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता` सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग (सीसीएल ) के 10वें सीजन के लिए भोजपुरी दबंग की जर्सी वाराणसी में रिलीज कर दी गई है इस अवसर पर भोजपुरी दबंग के कप्तान मनोज तिवारी ( सांसद सह गायक व अभिनेता) के साथ सुपरस्टार व गायक खेसारी लाल यादव और भोजपुरी दबंग की ब्रांड एंबेसडर पाखी हेगड़े के साथ ऑनर निदेशक कनिष्क शील, सुशील शर्मा उपस्थित रहे` आपको बता दें कि इस बार भोजपुरी दबंग की टीम नए अंदाज नई फ्रेंचाइजी भारत राइजिंग के साथ नजर आने वाली है, जो तेजी से बढ़ते भारतीय खेल और मनोरंजन इंडस्ट्री में कदम रख चुकी है इसलिए इस बार भोजपुरी दबंग की जर्सी पर भारत राइजिंग की मुहर लगी है वहीं पाखी हेगड़े ने कहा कि भारत राइजिंग के साथ मिलकर भोजपुरी दबंग इस बार सीसीएल में ट्रॉफी पर कब्जा करने के लिए मैदान में उतरेगी इसके लिए हमारे खिलाड़ी मैदान पर जमकर पसीना बहा रहे हैं` सीसीएल में साल दर साल भोजपुरी दबंग का प्रदर्शन निखरा है इस बार हारी कोशिश ट्रॉफी जीतने की होगी इसके लिए हम संकल्प के साथ मैदान में उतरेंगे,भोजपुरी दबंग में दम है और भारत राइजिंग उसके जज्बे को फौलाद बनाने का काम करेगी यह भोजपुरी दबंग के लिए और भारत राइजिंग के लिए बेहतरीन अवसर है।

### नव निर्मित श्री राम जानकी मंदिर का शिखर पूजन विधि विधान से सम्पन्न हुआ हुआ

दुबहर, बलिया। स्थानीय क्षेत्र के नगवा गांव स्थित नव निर्मित श्री राम जानकी मंदिर "कोसलेश सदन" का शिखर पूजन श्रीमद जगद्गुरु जयकांताचार्य जी महाराज ने मुख्य यजमान धीरेंद्र पाठक के हाथो वैदिक मंत्रोचार के बीच विधिवत संपन कराई। उसके उपरांत हरेराम पाठक व्यास ने श्री सीताराम की आरती कर गांव एवं क्षेत्र की मंगलमय कामना की। इस अवसर पर मुख्य यजमान धीरेंद्र पाठक ने बतलाया कि आगामी 18 अप्रैल को कलश यात्रा 19 से 22 तक विधिवत पूजन अर्चन के उपरांत 23 को मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा , हवन, एवं विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### विद्या बालन ने धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन ने उनके फर्जी इंस्टाग्राम खाते और ई-मेल आईडी का इस्तेमाल करके फिल्म जगत की हस्तियों के साथ धोखाधड़ी किये जाने की शिकायत मुंबई पुलिस से की है। इसके बाद पुलिस ने एक मामला दर्ज कर लिया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। खार पुलिस थाने में सोमवार को दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, संबंधित अपराध की जानकारी 16 जनवरी को तब हुई जब फिल्मों से जुड़े एक स्टाइलिस्ट को अज्ञात नंबर से व्हाट्सऐप पर संदेश मिला।

### हुन मैनी बने कंबोडिया उप प्रधानमंत्री

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया की नेशनल असेंबली ने बुधवार को नए उप-प्रधानमंत्री के रूप में सिविल सेवा मंत्री हुन मैनी का समर्थन किया। मैनी अगस्त 2023 में सिविल सेवा मंत्री बने थे। हुन मैनी प्रधानमंत्री हुन मानेट के छोटे भाई और पूर्व प्रधानमंत्री सैमडेक टेको हुन सेन के सबसे छोटे पुत्र हैं। मानेट सहित उपस्थित लगभग 120 सांसदों ने सर्वसम्मति से मैनी को अपना विश्वास मत दिया। मानेट ने मतदान से पहले बोलते हुए कहा कि नई नियुक्तियां नेशनल असेंबली की सातवीं विधायिका में सरकार के राजनीतिक कार्यक्रमों के सबसे कुशल कार्यान्वयन को बढ़ावा देने की आवश्यक आवश्यकता के जवाब में की गई है।

### इस्राइली मिसाइल ने आवासीय इमारत को बनाया निशाना

**यरुशलम।** इस्राइली सेना ने बुधवार को सीरिया की राजधानी दमिश्क में आवासीय इमारत पर मिसाइल हमले किए। राज्य मीडिया और प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी। सना के अनुसार इस्राइली सेना ने काफर सौसा में आवासीय इमारत को निशाना बनाया लेकिन कोई विस्तृत विवरण नहीं दिया। इस बीच सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने मीडिया को बताया कि इस्राइली हमले में चाम सिटी सेंटर शॉपिंग मॉल के पास आवासीय अपार्टमेंट और काफ़र सौसा में ईरानी स्कूल को निशाना बनाया गया।

### ट्यूनीशिया : सड़क दुर्घटना में 8 की मौत

**ट्यूनिस।** ट्यूनीशिया में मंगलवार को हुई कार दुर्घटना में आठ लोगों की मौत हो गई और चार अन्य लोग घायल हो गए। यह जानकारी निजी रेडियो स्टेशन ने दी। यह दुर्घटना मंगलवार शाम को दक्षिण-पूर्वी प्रांत गेब्स और दक्षिण-पश्चिमी प्रांत केबिली को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर हुई, जब एक टैक्सी सफाई उत्पादों को लेकर जा रहे एक भारी ट्रक से टकरा गई। खबर के अनुसार हादसे में टैक्सी में सवार सात यात्रियों और एक पैदल यात्री की मौत हो गई।

### फिलीपींस : खाई में गिरी ट्रक, 14 की मौत

**मनीला।** फिलीपींस के मध्य में नेग्रोस ओरिएंटल प्रांत में बुधवार को ट्रक गहरी खाई में गिर गया। हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि ट्रक एक राजमार्ग पर जा रहा था। इस दौरान माबिनय शहर में अपरान करीब 1:30 बजे में चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन पलट गया और वह गहरी खाई में लुढ़क गया। ट्रक के पलटने से कई यात्री उसके नीचे दब गए।

## पाक : शहबाज शरीफ का प्रधानमंत्री बनना तय

**इस्लामाबाद (वार्ता)।**



- पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज में हुआ समझौता

पाकिस्तान के दो बड़े राजनीतिक दल, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और पाकिस्तान मुस्लिम लीग -नवाज (पीएमएल-एन) के बीच आम चुनाव के बाद आखिरकार गठबंधन सरकार पर सहमति बनी गई है। मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान में गत आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में मतदाताओं ने पाकिस्तानी संसद के निचले सदन के लिए 266 उम्मीदवारों को चुना है।

ये लोग नए प्रधानमंत्री और प्रांतीय अंसेबली प्रांतीय प्रमुखों का चुनाव करेंगे। 'जियो न्यूज' ने बताया कि पीएमएल-एन के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ दोनों दलों की समन्वयक समिति के मंगलवार को समझौते पर सहमत होने के बाद एक और कार्यकाल के लिए नामित होंगे। जबकि पीपीपी के पूर्व अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी राष्ट्रपति पद के लिए नामित होंगे। अध्यक्ष शहबाज शरीफ का पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनना तय है।


सत्ता साझा करने के फॉर्मूले के अनुसार पीपीपी शहबाज शरीफ के मंत्रिमंडल का हिस्सा नहीं होगी लेकिन राष्ट्रपति कार्यालय सहित शीर्ष संवैधानिक पद प्राप्त कर सकती है। पीपीपी ने विशेष रूप से राष्ट्रपति पद, सीनेट का अध्यक्ष पद, बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री और नेशनल असेंबली के उपाध्यक्ष के पद मिलेंगे, जबकि पीएमएल-एन को प्रधानमंत्री कार्यालय, नेशनल असेंबली अध्यक्ष का पद और विधानसभा, सिंध और बलूचिस्तान प्रांतों के लिए राज्यपालों को नामित करने का अधिकार मिलेगा। वहीं, पीपीपी के सह-अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी राष्ट्रपति पद की जिम्मेदारी संभाल सकते हैं। कई दिनों की बातचीत के बाद पीपीपी और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज में मंगलवार देर तक सरकार गठन और शीर्ष पदों को लेकर समझौता हो गया। बिलावल ने प्रेस कांफ्रेंस में स्पष्ट कर दिया कि नवाज शरीफ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बन सकते हैं और दूसरी तरफ उनके पिता आसिफ अली जरदारी राष्ट्रपति पद की कमान संभाल सकते हैं।

### नए सिरे से चुनाव कराने संबंधी याचिका खारिज

**इस्लामाबाद (भाषा)।** पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में कथित अनियमितताओं को लेकर नए सिरे से चुनाव कराने का अनुरोध करने वाली याचिका को लोकप्रियता हासिल करने का हथकंडा बताते हुए बुधवार को खारिज कर दिया। उच्चतम न्यायालय ने अदालत के समक्ष पेश न होने को लेकर पूर्व सैन्य अधिकारी व याचिकाकर्ता पर जुर्माना भी लगाया। सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर अली खान ने पिछले सप्ताह उच्चतम न्यायालय से निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए न्यायपालिका की निगरानी में 30 दिन के भीतर नए चुनाव कराने का आदेश देने का अनुरोध किया था। उन्होंने इस मामले के निस्तारण तक नई सरकार के गठन पर रोक लगाने का आदेश देने का भी अनुरोध किया था। हालांकि, याचिकाकर्ता लगातार दो बार सुनवाई के दौरान पेश नहीं हुआ। इसके बाद पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश काजी फैज इसा, न्यायमूर्ति मुहम्मद अली मजहर और न्यायमूर्ति मुसर्रत हिलाली की पीठ ने याचिका का निस्तारण कर दिया और याचिकाकर्ता पर 5 लाख पाकिस्तानी रुपए का जुर्माना लगाया। इससे पहले, अदालत को सूचित किया गया कि अली पूर्व ब्रिगेडियर है जिन पर 2012 में कोर्ट मार्शल की कार्रवाई की गई थी और उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। प्रधान न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता द्वारा शीर्ष अदालत को भेजे एक ईमेल को पढ़ा जिसमें उन्होंने कहा कि वह विदेश में है और अपनी याचिका वापस लेना चाहते है।

## असम में जादू उपचार पर लगेगी रोक

**गुवाहाटी (भाषा)।**



- सरकार ने विस में कानून किया प्रस्तावित
- इसमें दोषियों के लिए पांच साल तक की कैद और एक लाख तक का जुर्माना होगा

असम सरकार ने बुधवार को विधानसभा में एक नया विधान प्रस्तावित किया जिसका उद्देश्य गैर-वैज्ञानिक उपचार पद्धतियों का उन्मूलन है।

प्रस्तावित कानून में दुर्भावनापूर्ण इरादे वाले व्यक्तियों द्वारा 'जादू से उपचार' को अपराध घोषित करने का प्रावधान है, जिससे यह संज्ञेय और गैर-जमानती अपराध बन जाएगा। इसमें दोषियों के लिए पांच साल तक की कैद और एक लाख रुपये तक का जुर्माना होगा।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा द्वारा संभाले जाने वाले गृह एवं राजनीतिक विभागों की ओर से संसदीय कार्य मंत्री पीयूष हजारिका ने सदन में 'असम जादू से उपचार (बुराई रोकथाम) प्रथा विधेयक, 2024' पेश किया। विधेयक का उद्देश्य समाज में सामाजिक जागृति लाना और भयावह प्रथाओं से मानव स्वास्थ्य की रक्षा के लिए एक स्वस्थ, विज्ञान-आधारित सुरक्षित वातावरण बनाना है। विधेयक के 'उद्देश्यों और कारणों के विवरण' के अनुसार, कोई भी व्यक्ति किसी व्यक्ति की बीमारी, विकार या स्वास्थ्य संबंधित किसी भी दिक्कत को ठीक करने के लिए जादुई उपचार के प्रसार प्रचार में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल नही होगा। इसमें किसी भी व्यक्ति के जादू के जरिये उपचार से बीमारियों को ठीक करने का कोई झूठा दावा करने से संबंधित कोई भी विज्ञापन देने पर रोक का भी प्रावधान है। इसके उद्देश्य और कारणों में कहा गया है, 'आम लोगों का शोषण करने के भयावह इरादे से किसी भी व्यक्ति द्वारा जादु से उपचार की बुरी प्रथा उक्त विधेयक के तहत एक संज्ञेय और गैर-जमानती अपराध है।'

विधेयक में कहा गया है कि पहली बार दोषी पाए जाने पर सजा एक साल की होगी जिसे तीन साल तक बढाया जा सकता है, या पचास हजार रुपए का जुर्माना या दोनों हो सकती है।

## WHO ने द. गाजा के अस्पताल से 32 बीमारों को निकाला

**जिनेवा (वार्ता)।**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पिछले दो दिनों में दक्षिणी गाजा के नासिर अस्पताल से दो बच्चों सहित 32 गंभीर रोगियों को स्थानांतरित किया है। डब्ल्यूएचओ के प्रवक्ता तारिक जसारेविक ने जिनेवा में कहा कि अब भी लगभग 130 बीमार, घायल रोगी और 15 स्वास्थ्य कर्मचारी अस्पताल के अंदर है। डब्ल्यूएचओ ने उनकी सुरक्षा और कल्याण पर चिंता व्यक्त की और चेतावनी दिया कि बीमार और घायलों की जीवन रक्षक देखभाल में व्यवधान आने से और ज्यादा मौतें होंगी।

संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी ने कहा कि खान यूनिस में नासिर अस्पताल ने 14 फरवरी को इजरायल के सैन्य छापेमारी के बाद काम करना बंद कर दिया है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि नासिर अस्पताल में बिजली और पानी नहीं है और चिकित्सा अपशिष्ट और कचरा बीमारी का घर बन रहे है। वहां की स्थिति को हृदय विदारक बताते हुए, डब्ल्यूएचओ के कर्मचारी क्रिस ब्लैक ने कहा कि अस्पताल जली हुई और नष्ट हुई इमारतों से घिरा हुआ है, और वहां मलबे की भारी परतें है, जहां कोई भी सड़क बरकरार नहीं है।

### WFP ने गाजा में खाद्य आपूर्ति रोकी

**राफा(एपी)।** विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने कहा कि इस्राइल-फिलिस्तीन युद्ध के कारण पूरे क्षेत्र में बढ़ती अराजकता के बीच उसने उत्तरी गाजा में खाद्य पदार्थ की अपूर्ति रोक दी है। इससे गाजा में भुखमरी की आशंका बढ़ गई है। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) द्वारा किए गए अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि उत्तरी गाजा में छह में से एक बच्चा अत्यंत कुपोषित है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार पिछले दो हफ्तों में बढ़ते युद्ध के कारण ट्रकों का प्रवेश आधा हो गया है। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों और राहत-बचाव कर्मियों ने कहा कि इस्राइल की बमबारी और जमीनी हमलों के बीच ट्रकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में उसकी नाकामी के कारण ट्रकों का आगमन और खाद्य पदार्थ का वितरण बाधित हुआ है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा न मुहैया कराने के कारण भुखमरी का सामना कर रहे फिलिस्तीनी अक्सर खाद्य पदार्थ से लदे इन ट्रकों पर टूट पड़ते है। सहायता अभियान बाधित होने से क्षेत्र में संकट गहराने का खतरा पैदा हो गया है। बीते दो दिनों में उत्तरी गाजा के उन इलाकों में कई हवाई हमले हुए है, जिसके बारे में इस्राइली सेना ने कहा था कि उन्हें कुछ हफ्ते पहले हमास से काफी हद तक मुक्त करा लिया गया था।

### असांजे के अमेरिका प्रत्यर्पण पर सुनवाई शुरू

**लंदन (एपी)।** अमेरिकी सरकार के वकील लंदन की अदालत को बताएंगे कि 'विकीलीक्स' के संस्थापक जूलियन असांजे को अमेरिका में जासूसी के आरोपों का क्यों सामना करना चाहिए। असांजे उन्हें अमेरिका प्रत्यर्पित किए जाने के खिलाफ प्रयासरत है। असांजे के वकील उच्च न्यायालय से उन्हें नई अपील दायर करने की अनुमति देने का अनुरोध कर रहे है। असांजे के अमेरिका प्रत्यर्पण के मद्देनजर जारी अदालती कार्यवाही के चलते वह पिछले पांच वर्षो से ब्रिटेन की एक उच्च-सुरक्षा वाली जेल में बंद है। ऑस्ट्रेलियाई मूल के असांजे (52) जासूसी के 17 आरोपों और लगभग 15 साल पहले अपनी वेबसाइट पर गोपनीय अमेरिकी दस्तावेजों के प्रकाशन पर कंप्यूटर के दुरुपयोग के आरोप में मुकदमे का सामना कर रहे है।

अमेरिकी अभियोजकों का कहना है कि असांजे ने अमेरिकी सेना की खुफिया विश्लेषक चेल्सिया मैनिंग की मदद से राजनयिक गोपनीय दस्तावेज और सैन्य फाइल चुराई, जिन्हें बाद में विकीलीक्स ने प्रकाशित किया, जिससे इन दस्तावेज में उल्लेखित लोगों का जीवन खतरे में पड़ गया। अमेरिका के वकीलों ने लिखित दलील में कहा है कि असांजे पर मुकदमा चलाया जा रहा है 'क्योंकि उन पर गंभीर अपराध करने का आरोप है।'

## गाजा में संघर्षविराम पर अमेरिका का वीटो

**संयुक्त राष्ट्र (वार्ता)।**

- अमेरिकी राजदूत ने प्रस्ताव को चल रही वार्ताओं में बाधा बताया, कहा-अमेरिका एक वैकल्पिक मसौदा प्रस्ताव पेश करेगा

अमेरिका ने गाजा में मानवीय आधार पर तत्काल संघर्ष विराम के आह्वान वाले अरब प्रस्ताव पर एक बार फिर वीटो लगा दिया है। डॉन के अनुसार अल्जीरिया और अरब देशों के समूह ने मंगलवार को संयुक्त रूप से प्रस्ताव पेश किया जिसके पक्ष में 13 वोट पड़े, ब्रिटेन अनुपस्थित रहा और अमेरिका ने वीटो का उपयोग किया।

अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने वीटो को सही ठहराते हुए कहा, 'कभी-कभी कठिन कूटनीति में आम समय की तुलना में ज्यादा समय लगता है। यह परिषद जो भी कार्रवाई करती है, उससे मदद मिलनी चाहिए और चल रही संवेदनशील वार्ताओं में बाधा नहीं डालनी चाहिए।' उन्होंने कहा कि अमेरिका एक वैकल्पिक मसौदा प्रस्ताव पेश कर रहा है, जिसमें बंधक समझौते और स्थाई शांति की खोज के लिए वाशिंगटन की प्रतिबद्धता पर बल दिया गया है। उन्होंने कहा कि हम एक निर्णायक और महत्वपूर्ण दौर में है। आइए हम इसे सही समय पर सही तरीके से करने के लिए प्रतिबद्ध हों। यही कारण है कि अमेरिका एक अलग प्रस्ताव पेश कर रहा है जो सभी बंधकों को रिहा करने के फार्मूले के आधार पर एक अस्थाई युद्धविराम की दिशा में काम करेगा और यह हमास की भी निंदा करेगा। प्रस्ताव पेश करने वाले अल्जीरियाई राजदूत अमर बेंजामिन ने सुरक्षा परिषद की निष्क्रियता पर निराशा व्यक्त करते हुए घोषणा किया कि कोई भी बहाना सुरक्षा परिषद की निष्क्रियता को तर्कसंगत नहीं बना सकता है। हमें गाजा में चल रहे नरसंहार को रोकने के लिए सभी को एकजुट होना चाहिए। रूसी राजदूत वासिली नेबेंया ने अमेरिका की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि उसने इस्राइल को मारने का लाइसेंस प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने मसौदा प्रस्ताव पर वीटो लगाकर चल रही वार्ता को बाधित किया है और सुरक्षा परिषद के सदस्यों से वाशिंगटन की अराजकता का मुकाबला करने का आग्रह किया। उन्होंने बल देकर कहा कि जनमत अब सुरक्षा परिषद को निष्क्रियता के लिए माफ नहीं करेगा। चीनी राजदूत झांग जून ने अमेरिकी वीटो की आलोचना करते हुए कहा कि इससे गलत संदेश गया है, जिससे गाजा में संकट और बढ़ गया है। उन्होंने परिषद से हिंसा रोकने के लिए जल्द से जल्द कार्रवाई करने का आग्रह किया, अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया और इसे परिषद की कानूनी जिम्मेदारी बताया।

संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के राजदूत ने अल्जीरिया के प्रस्ताव को स्वीकार करने में परिषद की असफलता की निंदा की। उन्होंने कहा कि गाजा में मानवीय संघर्ष विराम का आवान करने वाले अल्जीरियाई प्रस्ताव पर वीटो, सुरक्षा परिषद के पक्षाघात का दुखद प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि वीटो ने यूएनएससी में नए स्थाई सदस्यों को जोड़ने के लिए पाकिस्तान और उसके समान विचारधारा वाले देशों के विरोध को भी मान्य किया है। संयुक्त राष्ट्र में अरब समूह ने सुरक्षा परिषद की निष्क्रियता की निंदा की।

## 28-29 हजार पदों की भर्ती का परिणाम 8 दिनों में : मनोहर

**चंडीगढ़।**



- कहा, वर्तमान राज्य सरकार के पिछले साढ़े 9 साल के कार्यकाल में की गई भर्तियों का आंकड़ा पिछली सरकार द्वारा 10 साल में की गई भर्तियों से कहीं अधिक

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश में लगभग 28-29 हजार पदों की भर्ती का परिणाम आगामी 8 दिनों में घोषित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के पिछले साढ़े 9 साल के कार्यकाल के दौरान की गई भर्तियों का आंकड़ा पिछली सरकार द्वारा 10 साल में की गई भर्तियों से कहीं अधिक है। वर्तमान सरकार ने ग्रुप-सी व डी पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा प्रक्रिया को सरल करते हुए सीईटी का प्रावधान लागू किया। सीईटी को लागू करने का लक्ष्य इंटरव्यू की व्यवस्था को खत्म करना और मैरिट के आधार पर योग्य युवाओं का चयन करना है।

मुख्यमंत्री आज हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर जवाब दे रहे थे। मनोहर लाल ने कहा कि पहले से ठेकेदारों के माध्यम से अस्थाई नौकरी पर लगे कर्मचारियों को ठेकेदारों के शोषण से बचाने के लिए सरकार ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम बनाया है। इसके माध्यम से आउटसोर्सिंग नौकरी युवाओं को दी जाती है और उन्हें ईपीएफ, ईएसआई सहित अन्य लाभ दिये जा रहे है। इसके अलावा, आउटसोर्सिंग पर पहले से लगे लगभग 1 लाख 8 हजार कर्मचारियों को निगम में पोर्ट किया गया है। निगम में पारदर्शी तरीके से युवाओं का चयन किया जाता है।

उन्होंने कहा कि अब यह निर्णय लिया गया है कि संबंधित विभाग द्वारा आवश्यकतानुसार कर्मचारियों की जो मांग हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भेजी गई है, उस मांग में विभाग कर्मचारियों के चयन से पहले बदलाव कर सकता है। चयन होने के बाद विभाग को कर्मचारी को ज्वाइन करवाना अनिवार्यहोगा। इसके अतिरिक्त, संबंधित जिला और संबंधित खण्ड में रहने वाले युवाओं को ही नौकरी देने के लिए उन युवाओं का चयन किया जाएगा। जिले से बाहर किसी को नौकरी नहीं दी जाएगी। मनोहर लाल ने विपक्ष द्वारा बेरोजगारी के आंकड़े प्रस्तुत करने पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्ष का आभार है कि वे 36 प्रतिशत से 9 प्रतिशत पर आ गए है। विपक्ष सीएमआईई के आंकड़े दिखाता है। सीएमआईई ने दिसंबर 2016 में हरियाणा में 2.6 प्रतिशत दिखाई। बाद में 37 प्रतिशत तक दिखाई। अक्तूबर- दिसंबर 2023 में सीएमआईई ने 8.6 प्रतिशत बेरोजगारी दिखाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने परिवार पहचान पत्र बनाया है, जिसमें लोगों ने स्वयं को बेरोजगार घोषित किया है। उस डाटा के अनुसार 7.5 से 8 प्रतिशत बेरोजगारी है। हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति के संबंध में बोलते हुए मनोहर लाल ने कहा कि चेयरमैन का सिलेक्शन एक कमेटी द्वारा किया जाता है। नंद लाल शर्मा कई वर्षों तक एसजेवीएन विद्युत निगम के अध्यक्ष रहे। वे कुछ समय के लिए बीबीएमबी के भी चेयरमैन रहे। छत्तीसगढ़ में उन्होंने एक ताप विद्युत संयंत्र भी स्थापित किया, इस क्षेत्र में उनका अनुभव कहीं अधिक है।

**भ्रष्टाचार सामने आने पर सरकार ने की तुरंत कार्रवाई**

मनोहर लाल कहा कि जहां कहीं भी भ्रष्टाचार सामने आया है, हमने स्पष्ट कार्रवाई की है। संविधान के अनुच्छेद 311 के तहत अनिल नागर एचसीएस अधिकारी को बर्खास्त कर दिया। उन्होंने कहा कि रेलवे की भर्ती से संबंधित एक प्रशासनिक अधिकारी को राज्य सरकार की भर्ती एजेंसियों में सचिव/संयुक्त सचिव के पद पर तैनात किया है, जिसका कार्य केवल मात्र ऑफिशियल कार्य करना है।

## राष्ट्रपति पद की रेस से नहीं हट रही : निक्की

**वॉशिंगटन (आईएएनएस)।**

अमेरिका में दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर और राष्ट्रपति पद की रिपब्लिकन उम्मीदवार निक्की हेली ने साफ किया है कि वे राष्ट्रपति पद की दौड़ से नहीं हट रही हैं। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हेली ने दक्षिण कैरोलिना के ग्रीनविले में स्टेट ऑफ द रेस संबोधन में यह टिप्पणी की। यहां कुछ ही दिन में दक्षिणपूर्वी प्रांत की रिपब्लिकन प्राइमरी होने वाली है।



निक्की हेली ने 2011 से 2017 तक इस प्रांत में पहली महिला गवर्नर के रूप में काम किया था। ग्रीनविले वन में क्लेम्सन विश्वविद्यालय में दिए गए भाषण में उन्होंने कहा, जब देश का भविष्य खतरे में हो, तो आप मोर्चे से नहीं हटते हैं। आप लड़ते रहते हैं। वास्तव में, आप पहले से कहीं अधिक कठिन संघर्ष करते हैं, इसलिए मैं हार मानने से इनकार करती हूं। उन्होंने कहा, साउथ कैरोलिना में शनिवार को मतदान होगा। लेकिन रविवार को भी मैं राष्ट्रपति पद की रेस में रहूंगी। मैं कहीं नहीं जा रही हूं। हेली, जो अपने घरेलू मैदान पर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चुनौती देने की कोशिश कर रही हैं, ने कहा कि राष्ट्रपति पद के प्राइमरी चुनाव अभी बमुश्किल शुरू ही हुए हैं, केवल तीन राज्यों में मतदान हुआ है। ट्रंप ने आयोवा, न्यू हैम्पशायर और नेवादा में जीओपी प्राथमिक जीत हासिल की, जिससे राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पाटी के उम्मीदवार बनने के लिए स्पष्ट दावेदार के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हो गई।

## मैं 'इंडिया' में शामिल नहीं : हासन

**चेन्नई (भाषा)।**



- कहा, देश के बारे में 'निस्वार्थ' सोचने वाले गठबंधन का समर्थन करूंगा

अभिनेता से नेता बने कमल हासन ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी मक्कल निधि मय्यम (एमएनएम) अभी विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में शामिल नहीं हुई है और वह देश के बारे में 'निस्वार्थ' भाव से सोचने वाले किसी भी गठबंधन का समर्थन करेंगे।

उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के राजनीतिक गठबंधन के लिए बातचीत की जा रही है, लेकिन उनकी पार्टी 'सामंती राजनीति' का हिस्सा बनने से बचेगी। अपनी पार्टी की सातवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह के बाद यहां पत्रकारों से बातचीत में हासन ने मशहूर तमिल अभिनेता विजय के हाल में राजनीति में आने का भी स्वागत किया। यह पूछने पर कि क्या एमएनएम विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' में शामिल होगी, इस पर हासन ने कहा, 'मैंने पहले ही कहा है कि यह वक्त दलगत राजनीति से ऊपर उठने और देश के बारे में सोचने का है। जो भी देश के बारे में निस्वार्थ भाव से सोचता है, मेरी एमएनएम उसका हिस्सा बनेगी।' लेकिन उन्होंने कहा कि एमएनएम 'स्थानीय सामंती राजनीति' करने वाले दलों के साथ हाथ नहीं मिलाएगी। यह पूछने पर कि क्या वह 'इंडिया' गठबंधन में शामिल हो गए है, इस पर हासन ने कहा, 'नहीं, मै शामिल नहीं हुआ हूं।' अपने पार्टी के संभावित राजनीतिक गठबंधन पर उन्होंने कहा, 'बातचीत की जा रही है' और इस संबंध में कोई भी 'अच्छी खबर' मीडिया को दी जाएगी। ऐसी अटकलें है कि हासन की पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के साथ गठबंधन को लेकर बातचीत की है।

### ट्रंप की संभावित उपराष्ट्रपति की सूची में रामास्वामी का नाम

**वॉशिंगटन (भाषा)।** जैव प्रौद्योगिकी उद्यमी से राजनीतिक नेता बने भारतीय-अमेरिकी विवेक रामास्वामी का नाम पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप संभावित साथी यानी उपराष्ट्रपति के रूप में विचार किए जाने वाली सूची में शामिल है।



पोलिटिको डाट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, फॉक्स न्यूज 'टाउन हॉल' कार्यक्रम के दौरान मेजबान ने मंगलवार को ट्रंप से उपराष्ट्रपति पद लिए उनकी पसंद के छह संभावित विकल्पों के बारे में पूछा। इस पर ट्रंप ने दक्षिण कैरोलिना के सीनेटर टिम स्कॉट, फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस, हवाई की पूर्व सांसद तुलसी गेबार्ड, विवेक रामास्वामी, फ्लोरिडा के प्रतिनिधि बायरन डोनाल्ड्स और साउथ डकोटा की गवर्नर क्रिस्टी नोएम नाम लिया। ट्रंप(77) ने एक अन्य भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली का नाम नहीं लिया जो अभी भी दौड़ में है।

## प्रख्यात न्यायविद् फली एस नरीमन का निधन

**नई दिल्ली (भाषा)।** कानून विशेषज्ञ एवं दिग्गज अधिवक्ता फली एस नरीमन का बुधवार को 95 वर्ष की आयु में यहां निधन हो गया। वह हृदय संबंधित परेशानियों सहित कई बीमारियों से जूझ रहे थे। नरीमन का जन्म 10 जनवरी 1929 को हुआ था। नवंबर 1950 में उन्होंने बंबई उच्च न्यायालय से वकालत शुरू की और 1961 में उन्हें वरिष्ठ वकील का दर्जा हासिल हुआ।

नरीमन का जन्म रंगून (अब यांगून) में एक संपन्न कारोबारी परिवार में हुआ था। वर्ष 1942 में जापान की ओर से आक्रमण किये जाने के बाद उनका परिवार भारत आ गया। उस समय नरीमन 12 साल के थे। उन्होंने 70 वर्षो से अधिक समय तक वकालत की। शुरुआत बंबई उच्च न्यायालय से हुई और फिर 1972 से उच्चतम न्यायालय में उन्होंने लंबा सफर तय किया। नरीमन को मई 1972 में भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने 26 जून 1975 को आपातकाल लागू होने के एक दिन बाद पद से इस्तीफा दे दिया था। अपने लंबे और शानदार कानूनी करियर में नरीमन ने कई ऐतिहासिक मामलों में पैरवी की। इनमें भोपाल गैस त्रासदी, 'टीएमए पाई फाउंडेशन' और जयललिता का आय से अधिक संपत्ति जैसे मामले भी शामिल है। इसके अलावा वह राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग के चर्चित मामले से भी जुड़े रहे। इस आयोग को उच्चतम न्यायालय ने भंग कर दिया था। भारतीय न्यायपालिक के 'भीष्म पितामह' कहे जाने वाले नरीमन ने 'बिफोर द मेमोरी फेड्स', 'द स्टेट ऑफ द नेशन', 'इंडियाज लीगल सिस्टमः कैन इट बी सेव्ड?' और 'गॉड सेव द ऑनर्बेल सुप्रीम कोर्ट' जैसी किताबें भी लिखीं।

**95 वर्ष की उम्र में हुआ निधन**



नरीमन को जनवरी 1991 में पद्म भूषण और 2007 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। नवंबर 1999 में उन्हें राज्यसभा के सदस्य के रूप में भी मनोनित किया गया था। उनके निधन की खबर पर वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिघवी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ' फली नरीमन का निधन एक युग का अंत है। एक दिग्गज, जो कानून और सार्वजनिक जीवन में हमेशा लोगों के दिलों-दिमाग में जीवित रहेंगे। अपनी सभी उपलब्धियों के अलावा, वह अपने सिद्धांतों पर अटल रहे और बिना लाग लपेट हर बात कहते थे। यही गुण उनके प्रतिभाशाली बेटे रोहिंटन में भी है।'

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उनके निधन से ना सिर्फ कानून जगत ने बल्कि देश ने एक ऐसी विशाल शख्सियत को खो दिया है, जिसकी बुद्धिमत्ता का हर कोई लोहा मानता था। उन्होंने कहा, 'देश ने धार्मिकता के एक प्रतीक को खो दिया। एक अग्रणी, आदर्श और एक दिग्गज हमें छोड़कर चले गये। उन्होंने न्यायशास्त्र को अपने अहम योगदान से समृद्ध किया है। मैंने अदालत में उनके खिलाफ जिरह करके भी कुछ नया सीखा।' कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, 'बेहद दुखद समाचार। प्रख्यात न्यायविद् फली एस नरीमन का निधन। उन्हें वकील समुदाय का 'भीष्म पितामह' भी माना जाता था। वह एक महान अधिवक्ता और हमारे परिवार के करीबी दोस्त थे। उनका निधन हमारे देश के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है।' नरीमन के बेटे रोहिटन नरीमन उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश रहे।

## खबर संक्षेप



### ओरिएंट का आईपीओ के लिए दस्तावेज जमा

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) समाधान प्रदाता ओरिएंट टेक्नोलॉजीज ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास शुरुआती दस्तावेज जमा कराए हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास मंगलवार को दाखिल दस्तावेजों के अनुसार, आईपीओ में 120 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे और 46 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाई जाएगी।

### एक्सिकॉम का आईपीओ 27 फरवरी को खुलेगा



**नई दिल्ली।** ईवी चार्जर निर्माता एक्सिकॉम टेली-सिस्टम्स लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 27 फरवरी को खुलेगा। आईपीओ दस्तावेज के अनुसार, आईपीओ 29 फरवरी को संपन्न होगा। एंकर (बड़े) निवेशक 26 फरवरी को बोली लगा पाएंगे। आईपीओ में 329 करोड़ रुपये तक के ताजा इक्विटी शेयर और प्रवर्तक नेक्स्टवेव कम्युनिकेशंस द्वारा 70.42 लाख इक्विटी शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल हैं।

### अजय शंकर अल्ट्रावायलेट के सीएफओ नियुक्त



**मुंबई।** ईवी मंच अल्ट्रावॉयलेट ऑटोमोटिव ने अजय शंकर को अपना मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) नियुक्त करने की बुधवार को घोषणा की। अल्ट्रावायलेट ऑटोमोटिव के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नारायण सुब्रमण्यम ने कहा, 'हमारे कई व्यावसायिक क्षेत्रों में एक वैश्विक स्तर की उत्पाद कंपनी बनने की दिशा में अजय का अद्वितीय अनुभव और रणनीतिक अंतर्दृष्टि महत्वपूर्ण होगी।'

### एयर इंडिया, विस्तारा का विलय सौदा प्रगति पर



**नई दिल्ली।** सिंगापुर एयरलाइंस ने कहा कि एयर इंडिया और विस्तारा का प्रस्तावित विलय प्रगति पर है और वह प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) एवं अन्य नियामकीय मंजूरियों का इंतजार कर रही है। विस्तारा सिंगापुर एयरलाइंस और टाटा समूह का संयुक्त उद्यम है। एयर इंडिया के साथ विस्तारा के विलय की घोषणा नवंबर, 2022 में की गई थी। इस सौदे के तहत सिंगापुर एयरलाइंस को एयर इंडिया में 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी मिलेगी।

### एचडीएफसी लाइफ विदेश में पढ़ रहे छात्रों को देगी बीमा



**मुंबई।** एचडीएफसी लाइफ ने मंगलवार को विदेश में पढ़ाई कर रहे 'देसी' छात्रों के लिए एक नई नकदी रहित (कैशलेस) स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू की। इसके लिए प्रीमियम का भुगतान अमेरिकी डॉलर में करना होगा। कंपनी ने एक बयान में कहा कि वैश्विक छात्र स्वास्थ्य सेवा योजना 12-40 आयु वर्ग के उन छात्रों के लिए है, जो विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं या इसकी तैयारी कर रहे हैं।

# खत्म हुआ एप्पल का दौर! चैट जीपीटी बनाने वाली कंपनी ला रही एआई स्मार्टफोन

एजेंसी : नई दिल्ली


- स्मार्टफोन बाजार और फोन इस्तेमाल करने के तरीके बदले

जेनरेटिव आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल्स लंबे वक्त से चर्चा में हैं लेकिन ज्यादातर इंटरनेट यूजर्स ने चैट जीपीटी के बाद ही इनके बारे में जाना। अब चैट जीपीटी बनाने वाली कंपनी ओपनएआई एक नए स्मार्टफोन पर काम कर रही है, जिसे लेकर कहा जा रहा है कि यह स्मार्टफोन मार्केट और फोन इस्तेमाल करने के तरीके को पूरी तरह बदल देगा। साल 2007 में एप्पल ने अपने पहले आईफोन के साथ मॉडर्न स्मार्टफोन्स की नींव रखी थी और पहली बार बिना कीपैड वाला फुल टच-स्क्रीन डिवाइस लेकर आया था। माना जा रहा है कि ओपन एआई का पहला स्मार्टफोन भी ऐसी ही क्रांति लेकर आएगा और एप्पल आईफोन को कड़ी टक्कर दे सकता है। सामने आया है कि ओपन एआई का नया स्मार्टफोन पूरी तरह एआई पर आधारित हो सकता है और यूजर्स की पसंद-नापसंद के आधार पर खुद फैसले ले सकेगा। दरअसल, बीते दिनों एप्पल की आईफओन और एप्पल वॉच टीम से जुड़े टैंग टैन ने कंपनी छोड़ दी है और अब वे जॉन इवे की कंपनी लवफ्राम से जुड़ रहे हैं। यह कंपनी एक खास एआई डिवाइस पर काम कर रही है।

## यूजर्स के लिए एआई अब रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन रहा

### इवे भी एप्पल से छोड़ चुके काम

जॉन इवे भी पहले एप्पल में काम कर चुके हैं और रिपोर्ट्स में कहा गया है कि वे टैन के साथ मिलकर एक एआई डिवाइस तैयार कर रहे हैं, जिसे ओपन एआई के सीईओ सैम आल्टमैन का सपोर्ट भी मिला हुआ है। मजेदार बात यह है कि लवफ्राम कंपनी में 20 से ज्यादा ऐसे कर्मचारी हैं, जो एप्पल में काम कर चुके हैं। ऐसे में नया डिवाइस एप्पल की मुश्किलें बढ़ा सकता है।



### मौजूदा फोन में भी मिलने लगे एआई फीचर्स

कई स्मार्टफोन कंपनियां अपने डिवाइसेज में एआई आधारित फीचर्स दे रही हैं लेकिन अब तक पूरी तरह एआई पर काम करने वाला स्मार्टफोन मार्केट में नहीं आया। साउथ कोरियन टेक ब्रैंड सैमसंग की गैलेक्सी एस24 सीरीज में कई एआई फीचर्स मिले हैं और अब उन्हें गूगल पिक्सल फोन्स का हिस्सा भी बनाया जा रहा है। साफ है कि स्मार्टफोन यूजर्स के लिए एआई अब रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन रहा है।

## नियामक लगाम लगाने अतिरिक्त कदम उठा सकेंगे : वित्त मंत्री

# ऐप से अनधिकृत कर्ज वितरण पर लगाम लगाएं वित्तीय नियामक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) समेत वित्तीय क्षेत्र के नियामकों से ऑनलाइन ऐप के जरिये अनधिकृत कर्ज वितरण के प्रसार पर लगाम लगाने के लिए अतिरिक्त कदम उठाने को कहा। सीतारमण ने यहां 'वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद' (एफएसडीसी) की 28वीं बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने वित्तीय नियामकों से घरेलू और वैश्विक व्यापक वित्तीय स्थिति को देखते हुए उभरते वित्तीय स्थिरता जोखिमों का पता लगाने के लिए निरंतर निगरानी बनाए रखने और सक्रिय रहने के लिए भी कहा। बैठक के बाद जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, एफएसडीसी ने व्यापक वित्तीय स्थिरता से संबंधित मुद्दों और उनसे निपटने के लिए भारत की तैयारियों के बारे में चर्चा की। बयान के मुताबिक, गांधीनगर के गिफ्ट सिटी स्थित अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) को दुनिया के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्रों में से एक बनाने के मुद्दे पर भी चर्चा की गई।

### उधारकर्ताओं से पैसे ठग लिए गए

इन ऐप ने कई उधारकर्ताओं से उनके पैसे ठग लिए हैं, जिससे कई मामलों में संकट पैदा हुआ है। एफएसडीसी के सदस्यों ने वित्तीय क्षेत्र को और विकसित करने के लिए अंतर-नियामकीय समन्वय को मजबूत करने का भी निर्णय लिया ताकि यह समावेशी आर्थिक वृद्धि के लिए अपेक्षित वित्तीय संसाधन प्रदान करता रहे।

### पिछले निर्णय की कार्रवाई पर दिया जोर

एफएसडीसी ने भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली एफएसडीसी उप-समिति द्वारा संचालित गतिविधियों और एफएसडीसी के पिछले निर्णयों पर सदस्यों द्वारा की गई कार्रवाई पर भी गौर किया। इस बैठक में आरबीआई गवर्नर के अलावा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड की प्रमुख माधबी पुरी बुच में शामिल हुए।

### केवाईसी का मायने एकसमान मानदंड तय

एफएसडीसी ने एफएसडीसी के फैसलों और केंद्रीय बजट में की गई घोषणाओं को लागू करने के लिए रणनीति तैयार करने से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की। इन मुद्दों में केवाईसी का एकसमान मानदंड तय करना, वित्तीय क्षेत्र में केवाईसी रिकॉर्ड की अंतर-उपयोगिता और केवाईसी प्रक्रिया का सरलीकरण और डिजिटलीकरण शामिल है।

### 2500 से अधिक कर्ज वितरण ऐप हटा दिए गए

इसके अलावा सामाजिक स्टॉक एक्सचेंजों के जरिये सामाजिक उद्यमों के धन जुटाने की शुरुआत और ऑनलाइन ऐप के जरिये अनधिकृत ऋण देने के हानिकारक प्रभावों को रोकना एवं उनपर अंकुश के कदमों पर भी चर्चा की गई। सरकार ने दिसंबर में संसद को सूचित किया था कि गूगल ने अप्रैल, 2021 और जुलाई, 2022 के बीच अपने प्ले स्टोर से धोखाधड़ी में लिप्त 2,500 से अधिक कर्ज वितरण ऐप को निलंबित किया है या हटा दिया है।

## बिजनेस साइट

### विक्को लेबोरेटरीज के निदेशक पेंढारकर सम्मानित



**मुंबई।** एशियन अफ्रीकन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष ब्रजेश कुमार द्वारा विक्को लेबोरेटरीज के निदेशक संजीव गजानन पेंढारकर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संजीव गजानन पेंढारकर ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला। संजीव गजानन पेंढारकर के व्याख्यान में प्रमुख पहलुओं को शामिल किया गया और इच्छुक उद्यमियों के लिए निम्नलिखित अवसरों पर प्रकाश डाला गया। संजीव गजानन पेंढारकर ने वित्तीय सहायता और प्रोत्साहन प्रदान करने के सरकार के प्रयासों पर जोर दिया, जिससे लोगों को अपने व्यवसाय को शुरू करने के लिए आवश्यक पूंजी सुरक्षित करने में सक्षम बनाया जा सके। संजीव गजानन पेंढारकर ने कौशल विकास पहल के महत्व पर प्रकाश डाला, इस बात पर जोर दिया कि कैसे सरकार व्यक्तियों के कौशल सेट को बढ़ाने के लिए कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से निवेश कर रही है, जिससे उन्हें उद्यमिता की चुनौतियों से निपटने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित किया जा सके।

### सहेली ज्वेलर्स में आभूषणों की खरीदारी पर शानदार ऑफर



**भिलाई।** सदर बाजार रायपुर और श्री शिवम मॉल दुर्ग स्थित सहेली ज्वेलर्स में 916 एचयूआईडी हॉलमार्क ज्वेलरी मात्रा 54800 रुपए प्रति 10 ग्राम में खरीदने और हीरे के आभूषणों के मेकिंग चार्जेस पर फ्लैट 50 प्रतिशत की छूट का शानदार ऑफर दिया जा रहा है। जिससे वैवाहिक कलेक्शन की खरीदारी पर भारी बचत के साथ खुशियों का आनंद भी लिया जा सकता है। यह ऑफर सीमित समय के लिए उपलब्ध है। उल्लेखनीय है कि सही शुद्धता, सलाह-सही, कीमत-सर्वश्रेष्ठ डिजाइन के टैग लाइन को सार्थक करते हुए गोल्ड, डायमंड, सिल्वर के साथ ही एंटीक, कुंदन और रत्न जड़ित आभूषणों के 10000 से अधिक आकर्षक डिजाइन्स के साथ सहेली ज्वेलर्स में 100% सर्टिफाइड डायमंड के साथ 100% गोल्ड हॉलमार्क ज्वेलरी ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। सहेली ज्वेलर्स के शोरूम में विशेष रूप से वैवाहिक गहनों का विस्तृत संग्रह उपलब्ध है जहां पसंदानुसार वैवाहिक आभूषणों के आधुनिक और पारंपरिक डिजाइन्स के आभूषणों की खरीदारी की जा सकती है।

### डॉ. कुंदनानी 23 को श्री नारायणा हॉस्पिटल में



**रायपुर।** देवेन्द्र नगर स्थित श्री नारायणा हॉस्पिटल में 23 फरवरी को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ये शिविर शुक्रवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। इस स्वास्थ्य शिविर में बॉम्बे हॉस्पिटल एवं लीलावती हॉस्पिटल के सुप्रसिद्ध स्पाइन सर्जन डॉ. विशाल कुंदनानी ओपीडी परामर्श एवं सर्जरी के लिए उपलब्ध होंगे। इस स्वास्थ्य शिविर में पीठ दर्द, कमर दर्द, स्पाइन, स्लिप डिस्क, स्कोलियोसिस, साइटिका, जैसे तकलीफों से जूझ रहे मरीज अपना इलाज करवा सकते हैं।

# भारत ने पश्चिमी देशों को तेल का निर्यात रूस के सहारे किया


## 6.65 अरब डॉलर का कच्चे तेल का निर्यात

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यूरोप के एक शोध संस्थान ने दावा किया है कि भारत ने पिछले 13 महीनों में जी-सात के नेतृत्व वाले गठबंधन देशों को जो पेट्रोलियम निर्यात किया है उसमें एक-तिहाई हिस्सा रूस से आयातित कच्चे तेल के शोधन का रहा है।

यूक्रेन पर रूस के हमले के विरोध में अमेरिका की अगुवाई में पश्चिमी देशों ने रूस से कच्चे तेल के आयात पर कई तरह की बंदिशें लगा दी थीं। दिसंबर, 2022 में इन देशों ने रूसी कच्चे तेल के आयात का कीमत दायरा भी तय कर दिया था। लेकिन रूस से अन्य देशों में आयात किए गए कच्चे तेल को शोधित कर पश्चिमी देशों को निर्यात किए जाने पर किसी तरह की रोक नहीं लगाई गई थी। भारत ने बीते दो वर्षों में रूस से बड़े पैमाने पर कच्चे तेल का आयात किया है। किफायती दरों पर रूसी कच्चा तेल मिलने से भारत को अपना आयात बिल भी कम करने में मदद मिली है। फिनलैंड स्थित शोध संस्थान 'सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर' (सीआरईए) ने एक रिपोर्ट में कहा है कि भारत रूस से आयातित कच्चे तेल को शोधित कर जी-सात के देशों और यूरोपीय संघ एवं ऑस्ट्रेलिया को निर्यात कर रहा है।

### रूस पर कई तरह की बंदिशे लगा दी गई



#### बड़ा हिस्सा रिलायंस रिफाइनरी का रहा

इस निर्यात में एक बड़ा हिस्सा जामनगर स्थित रिलायंस रिफाइनरी का रहा है। सीआरईए ने कहा, 'भारत ने रूसी तेल पर प्रतिबंध लगाने वाले देशों को ये उत्पाद भेजने के लिए 3.04 अरब यूरो मूल्य का कच्चा तेल रूस से आयात किया था।'

### शेयर बाजार में छह दिन से जारी तेजी पर विराम




**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में पिछले छह कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 434 अंक टूट गया। वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के बीच कारोबार समाप्ति से पहले मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स कारोबार के दौरान मजबूत रहा लेकिन अंत में 434.31 अंक की गिरावट के साथ 72,623.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 72,450.56 अंक के निचले स्तर तक आ गया था। इसी प्रकार, निफ्टी 141.90 अंक की गिरावट के साथ 22,055.05 अंक पर बंद हुआ।

# अमेरिका से भारत में सेब का निर्यात 16 गुना बढ़ा

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका से भारत में सेब का निर्यात पिछले साल की तुलना में 16 गुना बढ़ा है। भारत के अमेरिकी उत्पादों पर 2019 में लगाए गए 20 प्रतिशत प्रतिशोधात्मक शुल्क को हटाने का फैसला करने के बाद यह निर्यात बढ़ा है।

वाशिंगटन राज्य के सेब उत्पादकों ने इस वर्ष करीब 10 लाख पेटी सेब भारत भेजे, जो पिछले वर्ष की तुलना में 16 गुना अधिक है। सिएटल बंदरगाह पर मंगलवार को इस उपलब्धि का जश्न मनाया गया। सांसद मारिया केंटवेल ने सिएटल में पत्रकारों से कहा, 'यह अमेरिका और भारत के बीच व्यापार संबंधों में एक नया मुकाम है।' इस खास अवसर का सिएटल में भारत वाणिज्य दूतावास के महावाणिज्य दूत प्रकाश गुप्ता, मध्य वाशिंगटन के सेब उत्पादक और श्रम व बंदरगाह अधिकारी भी साक्षी बने। सेब पर आयात शुल्क में 20 प्रतिशत की वृद्धि के कारण वाशिंगटन राज्य से भारत तक सेब निर्यात बाजार में गिरावट आई थी। शुल्क लगाए जाने से पहले वाशिंगटन के उत्पादकों ने भारत को 12 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के सेब का निर्यात किया था। इसके बाद यह 10 लाख अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। इसका वाशिंगटन राज्य के सेब उत्पादकों पर व्यापक वित्तीय प्रभाव पड़ा।

### प्रतिशोधात्मक शुल्क हटने से निर्यात में वृद्धि



#### 1.95 करोड़ डॉलर बिक्री का अनुमान

अब तक वाशिंगटन से भारत में सेब की कुल बिक्री करीब 1.95 करोड़ अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है, जबकि उत्पादकों ने शिपिंग सीजन केवल आधा ही पूरा किया है। 2022-23 सीजन में कुल 73,000 40 पाउंड बक्से भेजे गए।

# खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के संवर्धन के लिए निवेशकों की हुई बैठक



**रायपुर।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने छत्तीसगढ़ राज्य में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के महत्व को दर्शाते हुए "निवेशकों की बैठक" का आयोजन किया।

डॉ. ज्ञानेन्द्र मणि, मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और इस कार्यक्रम का अनावरण किया। इस सम्मेलन में महाप्रबंधक, छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ चैप्टर, पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ चैप्टर, दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, नाबार्ड द्वारा खाद्य प्रसंस्करण निधि के तहत बनाए गए इंडस बेस्ट मेगा फूड पार्क के प्रतिनिधि; एवं कई उद्यमी/किसान/ कंपनियों के प्रतिनिधि/अन्य व्यावसायिक घरानें सम्मिलित हुए।

डॉ. ज्ञानेन्द्र मणि, मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड, ने अपने उद्घाटन भाषण में उद्योग समर्थित कृषि की आवश्यकता, और छत्तीसगढ़ के विकास में उद्योगों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बुनियादी ढांचे से संबंधित वित्त पोषण प्रदान करने, संस्थागत ऋण के बारे में भारत सरकार को योजना बनाने और इनपुट प्रदान करने, अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों को अनुदान सहायता प्रदान करने आदि में नाबार्ड की भूमिका के बारे में सभी गणमान्य को अवगत कराया।

## आईसीएआई के अध्यक्ष सरकार को दे रहे प्रस्ताव

# ब्रिटेन, कनाडा के सीए भारत में कर पाएंगे प्रैक्टिस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ब्रिटेन और कनाडा के चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) को पारस्परिक आधार पर भारत में काम करने (प्रैक्टिस करने) की अनुमति दी जा सकती है। चार्टर्ड अकाउंटेंट के शीर्ष निकाय भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) सरकार को यह प्रस्ताव दे रहा है।

आईसीएआई के अध्यक्ष रंजीत कुमार अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि प्रस्ताव को पारस्परिक आधार पर सख्ती से लागू किया जाएगा ताकि भारत के चार्टर्ड अकाउंटेंट को भी ब्रिटेन और कनाडा में प्रैक्टिस करने की अनुमति मिल सके। यह पहली बार होगा जब किसी देश के चार्टर्ड अकाउंटेंट को भारत में प्रैक्टिस करने की अनुमति दी जाएगी।

### प्रस्ताव को पारस्परिक आधार पर सख्ती से लागू किया जाएगा



#### भारत के 42 हजार सीए विदेश में काम कर रहे

आईसीएआई के अनुमान के अनुसार, अगले 20-25 वर्षों में करीब 30 लाख चार्टर्ड अकाउंटेंट की आवश्यकता होने की संभावना है। वर्तमान में भारत के करीब 42,000 चार्टर्ड अकाउंटेंट विदेशों में काम कर रहे हैं। आईसीएआई में चार लाख से अधिक सदस्य और 8.5 लाख छात्र हैं।

#### आस्ट्रेलिया के साथ भी व्यवस्था पर विचार

प्रस्ताव ब्रिटेन और कनाडा के साथ भारत की मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए जारी बातचीत का हिस्सा है। अग्रवाल ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के साथ भी ऐसी ही व्यवस्था पर विचार किया जा रहा है। पारस्परिक प्रणाली लागू होने के बाद इन देशों के चार्टर्ड अकाउंटेंट को आईसीएआई के साथ पंजीकृत होना होगा, जो उन्हें विनियमित करेगा।

### दोनों देशों के लिए फायदे का सौदा

अग्रवाल ने कहा, 'यह पारस्परिक आधार पर होगा न कि एकल आधार पर। यदि वे सहमत होते हैं, तो यह दोनों देशों के लिए फायदे का सौदा होगा...' दूसरे देशों से आए चार्टर्ड अकाउंटेंट के भारत में प्रैक्टिस करने के प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया का जिक्र करते हुए कहा कि भारत एक विकासशील देश है और वे विकसित देश हैं।

### विदेश में भारतीय सीए की भारी मांग

अध्यक्ष ने कहा, 'यह हमारे हित में होगा क्योंकि हमारे सदस्य वहां जा सकते हैं...।' आईसीएआई के अध्यक्ष ने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट की क्षमताओं और विशेषज्ञता के कारण बाहर उनकी भारी मांग है। कुमार ने 12 फरवरी को

केएल राहुल भी बाहर, रांची में शुक्रवार से खेला जाएगा चौथा टेस्ट

# चौथा टेस्ट नहीं खेलेंगे जसप्रीत बुमराह



● नई दिल्ली / एजेंसी

भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे टेस्ट में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया है। बुमराह रांची में 23 फरवरी से होने वाले मुकाबले से बाहर हो गए हैं। वहीं, स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल भी चौथे टेस्ट का हिस्सा नहीं होंगे। इस बात की जानकारी बीसीसीआई ने दी। बीसीसीआई ने बताया कि बुमराह के वर्कलोड को मैनेज करने के उद्देश्य से बोर्ड ने उन्हें चौथे टेस्ट में आराम देने का फैसला किया है। वहीं, केल राहुल भी इस मुकाबले का हिस्सा नहीं बन पाएंगे। बोर्ड की तरफ से जारी किए गए बयान में कहा गया है कि स्टार क्रिकेटर की पांचवें टेस्ट में वापसी उनकी फिटनेस रिपोर्ट आने के बाद तय होगी। बुमराह की जगह तेज गेंदबाज मुकेश कुमार को टीम में शामिल किया गया है। उन्हें तीसरे टेस्ट में आराम दिया गया था। बुमराह फिलहाल इस सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

### भारत के लिए दो खिलाड़ी कर सकते हैं डेब्यू, मुकेश की हो सकती है वापसी

रांची टेस्ट में भारत के लिए दो खिलाड़ी डेब्यू कर सकते हैं। तीसरे टेस्ट से पहले रणजी मैच के लिए रिलीज किए गए तेज गेंदबाज मुकेश कुमार की वापसी हुई है। वहीं बंगाल के तेज गेंदबाज आकाश दीप को डेब्यू करने का मौका मिल सकता है। उनके साथ ही घरेलू मैचों में खेलने वाले मुकेश कुमार भी टीम में वापस आए हैं। उन्होंने बिहार के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुए रणजी मैच की एक पारी में छह विकेट लिए थे। ऐसे में यह देखना रोचक होगा कि रोहित शर्मा प्लेइंग-11 में आकाश दीप को रखते हैं या उनसे अनुभवी मुकेश को मौका देते हैं। चौथे टेस्ट के लिए मोहम्मद सिराज के जोड़ीदार के लिए दो तेज गेंदबाज विकल्प हैं, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि टीम प्रबंधन आकाश के साथ उतरने का फैसला कर सकता है। आकाश ने भारत ए और इंग्लैंड लायंस के बीच मैचों में जिस तरह से गेंदबाजी की उससे सभी प्रभावित हैं। विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट के दौरान मुकेश ने 12 ओवर फेंके थे। वह सिर्फ एक ही विकेट हासिल कर पाए थे। ऐसे में मुकेश की वापसी तो टीम में हो गई है, लेकिन उनका खेलना कठिन है। दूसरी ओर रजत पाटीदार प्लेइंग-11 से बाहर हो सकते हैं।

### रांची में अश्विन व रोहित बना सकते हैं रिकॉर्ड

रांची में अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और कप्तान रोहित शर्मा के पास रांची में कई रिकॉर्ड बनाने का मौका होगा। अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ 99 विकेट झटके हैं। वह इंग्लिश टीम के खिलाफ अपने 100 विकेट पूरे कर सकते हैं। ऐसा करने वाले वह भारत के पहले गेंदबाज बन सकते हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच मैच में अब तक सबसे ज्यादा विकेट जेम्स एंडरसन ने लिए हैं। उनके नाम 37 टेस्ट में 145 विकेट हैं। वहीं रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ 12 टेस्ट मैच खेले हैं। इस दौरान 47 की औसत 987 रन बनाए हैं। वह इंग्लिश टीम के खिलाफ1000 रन पूरे करने से 13 रन पीछे हैं। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए ऐसा लग रहा है कि वह रांची में इस आंकड़े को छू लेंगे।

### धोनी के शहर में पहली बार टेस्ट खेलेगा इंग्लैंड

रांची भारत के महान कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का यह गृह नगर है। टीम इंडिया अब तक यहां एक भी टेस्ट नहीं हारी है। वहीं, इंग्लैंड पहली बार धोनी के शहर में क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट में खेलने उतरेगा। रांची में अब तक दो टेस्ट मैच खेले गए हैं। यहां पहला मुकाबला 2017 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया था। वह मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। वहीं, दूसरा मुकाबला उसके दो साल बाद 2019 में आयोजित हुआ था। तब टीम इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका को हरा दिया। भारत इस मैदान पर कभी नहीं हारने के अपने रिकॉर्ड को बरकरार रखने उतरेगा।

## भारतीय मूल के आठ वर्षीय अश्वथ ने बनाया रिकॉर्ड

### सबसे कम उम्र में ग्रैंडमास्टर को हराने वाले खिलाड़ी बने

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल के सिंगापुर निवासी आठ वर्षीय अश्वथ कौशिक ने शतरंज में सबसे कम उम्र में ग्रैंडमास्टर को हराने वाले पहले खिलाड़ी बने हैं। सिंगापुर के इस बालक ने बर्गडोरफेर स्टेडथास ओपन चेस टूर्नामेंट में पोलैंड के ग्रैंड मास्टर जासेक स्टोपा को पराजित कर सारी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खीच लिया। अश्वथ क्लासिकल चेस में सबसे कम उम्र में किसी जीएम को हराने वाले खिलाड़ी बन गए। स्टोपा 37 वर्ष के हैं और अश्वथ से उम्र में 29 साल बड़े हैं। पिछला रिकॉर्ड कुछ सप्ताह पहले ही बना था, जब सर्बिया के लियोनिड इवानोविच ने 60 वर्षीय बुल्गारियाई जीएम मिल्को पॉपशेव को बेलग्रेड ओपन में हराया था। इवानोविच उम्र में अश्वथ से कई माह बड़े हैं। अश्वथ की वर्तमान फिडे रैंकिंग 37338 है। वह भारतीय नागरिक हैं और 2017 में भारत से सिंगापुर आए थे। अश्वथ ने कहा कि वह जिस तरह से खेले, उन्हें अपने खेल पर गर्व है। खासतौर पर एक समय वह बेहद बुरी स्थिति में थे और वहां से उन्होंने वापसी की।



### नैसर्गिक प्रतिभवान है अश्वथ

सिंगापुर चेस महासंघ के सीईओ और ग्रैंडमास्टर केविन गोह अश्वथ की सफलता से उत्साहित हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि पिता बहुत ज्यादा मदद करने वाले हैं, बेटा समर्पित है, स्कूल भी पूरी मदद करता है, निश्चित रूप से वह नैसर्गिक प्रतिभावान है। गोह आशा करते हैं कि अश्वथ की सफलता कई और बच्चों को शतरंज अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। अश्वथ की सफलता यह बताती है कि अगर आपके अंदर प्रतिभा है और आपको मदद मिल रही है तो शतरंज में एक युवा के सफलता पाने के अवसर काफी अच्छे हो जाते हैं।

## टिम डेविड ने अंतिम गेंद पर चौका जड़ दिलाई जीत



### पहले टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड छह विकेट से पराजित

**वेलिंग्टन (एजेंसी)।** कप्तान मिचेल मार्श की 44 गेंदों में दो चौके और सात छक्कों की तूफानी नाबाद 72 रनों की अर्धशतकीय पारी और टिम डेविड के नाबाद 31 रनों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को पहले टी-20 मुकाबले में छह विकेट से पराजित कर दिया है।

रोमांचक मुकाबले में मैच की आखिर गेंद पर डेविड ने टिम साउदी की गेंद पर चौका लगाकर ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई। 216 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही और उसने चौथे ओवर में ट्रैविस हेड 24 रन विकेट गंवा दिया। इसके बाद सातवें ओवर में डेविड वॉर्नर 32 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। ग्लेन मैक्सवेल को 25 रन पर फर्ग्युसन बोल्ड आउट किया। जॉश इंग्लिस भी 20 रन बनाकर आउट हुये। मार्श नाबाद 72 रन और डेविड नाबाद 31 रनों की अंतिम ओवरों ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 216 रन बनाकर जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड की ओर से मिचेल सैंटनर दो विकेट मिले। लॉकी फर्ग्युसन और ऐडम मिल्न ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### कॉन्वे व रविंद्र के अर्धशतक बेकार

इससे पहले डेवन कॉन्वे 63 रन और रचिन रविंद्र 68 रनों की अर्धशतकीय पारी की मदद से न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 216 रनों का लक्ष्य दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की एलन और डेवन कॉन्वे की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिये 61 रन जोड़ते हुए अच्छी शुरुआत की। छठें ओवर में स्टार्क ने फिन एलन को 32 रन पर वॉर्नर के हाथों कैच आउट कराकर न्यूजीलैंड को पहला झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये रचिन रविंद्र ने डेवन कॉन्वे के साथ दूसरे विकेट लिये 113 रनों की साझेदारी की। रचिन रविंद्र ने 35 गेंदों में दो चौके और छह छक्कों की मदद से तूफानी अंदाज में 68 रन ठोक डाले। उन्हें मार्श ने स्टार्क के हाथों कैच आउट कराया।

## टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 10 हजारी बने बाबर

### कोहली, गेल और वार्नर को छोड़ा पीछे

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में जारी पाकिस्तान सुपर लीग 2024 में पेशावर जाल्मी के कप्तान बाबर आजम ने टी20 क्रिकेट में इतिहास रच दिया है। बाबर टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 10 हजार रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने क्रिस गेल और विराट कोहली और डेविड वार्नर जैसे दिग्गज बल्लेबाजों को पीछे छोड़ दिया है। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम ने टी20 क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे कर लिए हैं। इस उपलब्धि को हासिल करने वाले वह 13वें बल्लेबाज बन गए हैं। दिलचस्प बात ये है कि बाबर ने ये मुकाम 271 पारियों में हासिल किया है। इस मामले में उन्होंने भारतीय टीम के धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया है।



किंग कोहली ने टी20 क्रिकेट की 299 पारियों में 10 हजार रन पूरे किए। बाबर से पहले इस मामले में शीर्ष पर वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल थे।

**सबसे तेज 10000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज**

| | |
|---|---|
| 271 पारी | बाबर आजम |
| 285 पारी | क्रिस गेल |
| 299 पारी | विराट कोहली |
| 327 पारी | डेविड वॉर्नर |
| 327 पारी | एरोन फिंच |
| 350 पारी | जोस बटलर |

### अलीशा इंटरप्राइजेज का खिताब पर कब्जा

**भोपाल।** बीडीसीए द्वारा आयोजित स्व. हुकुम सिंह ठाकुर स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के कॉर्पोरेट ग्रुप में अलीशा इंटरप्राइजेज ने एनडीआईपीएल को सात रन से हराकर खिताब पर कब्जा किया। खिताबी मुकाबला अलीशा इंटरप्राइजेज और एनडीआईपीएल के मध्य खेला गया जिसमे अलीशा इंटरप्राइजेज ने आदिल भट्ट के 35 गेंद पर 10 छक्के और 4 चौके की मदद से 94 रन और फैज के 50 रन की बदौलत 20 ओवर में 179 रन बनाए। एक समय जब अलीशा के 55 रन पर 7 विकेट गिर गए थे तब आदिल ने आकर मैच का रुख बदल दिया और अतिशी बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम को सम्मानजनक स्कोर दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी एनडीआईपीएल की टीम ने भी शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन 20 ओवर मे 8 विकेट खोकर 172 रन ही बना सकी और यह मैच सात रन से हार गई। एनडीआईपीएल की तरफ से अमान ने 51 रन, यासिर ने 26 रन की पारी खेली। अलीशा की तरफ से प्रीति यादव, आदिल और गोविन्द ने 2-2 विकेट लिए। आदिल भट्ट को दोहरे प्रदर्शन के लिए मेन ऑफ द फाइनल चुना गया। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि बीडीसीए के चेयरमैन सैयद साजिद अली द्वारा शांति जैन सह सचिव बीडीसीए की अध्यक्षता में किया गया। वहीं 90 ओवर्स के मैच फेथ क्रिकेट ग्राउंड पर एनसीसीसीए और फेथ क्रिकेट क्लब के मध्य मैच खेला गया जिसमे मैच के पहले दिन फेथ क्रिकेट क्लब 70.3 ओवर मे 250 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। फेथ क्रिकेट क्लब की तरफ से रितिक टाडा ने 55 रन, अंकुश सिंह ने 52 रनों का योगदान दिया। एनसीसीसी ए की तरफ से राहुल पटेल ने 3 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी एनसीसीसी ए की टीम ने 60.1 ओवर में 5 विकेट खोकर 253 रन बनाकर यह मैच 5 विकेट से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उसका मुकाबला मयंक चतुर्वेदी सीनियर से ओल्ड कैम्पियन मैदान पर होगा।



### एलएनसीटी विश्वविद्यालय की बेसबॉल टीम गुवाहाटी रवाना

भोपाल। भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वावधान में रॉयल ग्लोबल यूनिवर्सिटी असम गुवाहाटी में आयोजित की जा रही ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बेसबॉल पुरुष प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए एलएनसीटी विश्वविद्यालय टीम गुवाहाटी रवाना हो गई है। विश्वविद्यालय टीम की कमान बीपीईएस के ध्रुव खन्ना को सोंपी गई है। बेसबॉल टीम में ध्रुव खन्ना बीपीईएस, राज सोनी बीपीईएस, नचिकेत जादम बीपीईएस, जतिन पांडे बीपीईएस, कृष्णकांत पटेल बीपीईएस, सिद्धांत बीपीईएस, अमन यादव बीपीईएस, योगेश्वर बीपीईएस, यश खरे बीसीए, लव कुश बीसीए, अंकित नागर, देवेंद्र एमपीईएस, मनदीप अस्थाना, आदित्य प्रताप सिंह दांगी एमपीईएस, निखिल हडिया एमपीईएस, उदयभान बीपीटी टीम का कोच शाहनवाज हुसैन को नियुक्त किया गया है। सभी चयनित खिलाड़ियों को एलएनसीटी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जय नारायण चौकसे, डॉ. अनुपम चौकसे कुलाधिपति जेएनसीटी प्रोफेशनल युनिवर्सिटी, डॉ. धर्मेंद्र गुप्ता एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एलएनसीटी युनिवर्सिटी, पंकज कुमार जैन स्पोर्ट्स डायरेक्टर एलएनसीटी यूनिवर्सिटी ने शुभकामनाएं दी।



### आरएनटीयू की पुरुष क्रिकेट टीम ने लगातार दो लीग मैच जीते

**भोपाल।** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय आरएनटीयू की पुरुष क्रिकेट टीम ने आल इंडिया सेंट्रल जोन इंटर यूनिवर्सिटी में लगातार दो लीग मैच जीते हैं। यह टूर्नामेंट छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में 19 फरवरी से 26 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। आरएनटीयू ने अपना पहला लीग मैच एमसीबीयू छतरपुर को 29 रनों से हराकर जीता। आरएनटीयू ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 10 विकेट पर 116 रन बनाए। आरएनटीयू के बल्लेबाज जसबीर ने 38 गेंद पर 36 और वैभव ने 17 गेंद पर 24 रन बनाए। वहीं एमसीबीयू छतरपुर ने 17 ओवर में 87 रन बनाकर आल आउट हो गई। आरएनटीयू के गेंदबाज तसीन आजाद ने 4 ओवर में 12 रन देकर 3 विकेट झटके। तसीन आजाद को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं आरएनटीयू ने अपना दूसरा लीग मैच इंटेग्रल यूनिवर्सिटी लखनऊ को 6 विकेट से हराकर जीता। इंटेग्रल यूनिवर्सिटी लखनऊ की पूरी टीम 54 रन पर ऑल आउट हो गई। आरएनटीयू के गेंदबाज शिवांश ने 4 ओवर में 15 रन देकर 3 विकेट झटके। आरएनटीयू के बल्लेबाज 4 विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य को हासिल कर लिया। संजय मनिक 3 चौके 2 छक्क` की मदद से 15 गेंद पर 29 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच चुने गए।



## टेस्ट रैंकिंग में यशस्वी 14 पायदान उछले

### अश्विन दूसरे नंबर पर पहुंचे, गेंदबाजी में बुमराह नबर वन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट बैटिंग रैंकिग में भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने 14 स्थान की छ्लांग लगाकर 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं, बॉलिंग रैंकिग में आर अश्विन को एक स्थान का इजाफा हुआ और वें बॉलिंग रैंकिग में नंबर-1 जसप्रीत बुमराह के बाद दूसरे नंबर पर आ गए हैं। ऑलराउंडर रैंकिंग में रवींद्र जडेजा पहले स्थान पर कायम हैं। बैटिंग रैंकिंग में यशस्वी जायसवाल को 14 स्थान का फायदा हुआ। वे 29वें नंबर से 15वें स्थान पर आ गए। दूसरे टेस्ट के बाद उन्होंने 37 स्थान की छ्लांग लगाई थी। वहीं, रोहित शर्मा भी राजकोट में शतक लगाने के बाद अब एक स्थान उपर आकर 12वें नंबर पर आ गए हैं। जबकि, भारतीयों में सबसे ऊपर विराट कोहली 7वें नंबर पर हैं। नंबर-1 पर न्यूजीलैंड केन विलियमसन बने हुए है। वहीं, इंग्लैंड के बल्लेबाज को 2 स्थान का नुकसान हुआ। उनके बल्ले से भारत के खिलाफ सीरीज में रन नहीं निकले। वे 5वें नंबर पर आ गए हैं। वहीं, डेब्यू करने वाले सरफराज खान और ध्रुव जुरेल ने क्रमशः 75वें और 100वें स्थान के साथ रैंकिंग में प्रवेश कर लिया है। बॉलिंग रैंकिग में जसप्रीत बुमराह नंबर-1 पर बने हुए हैं।



### भारत ने एस्टोनिया पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की

**अलान्या।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने बुधवार को मनीषा कल्याण के दो गोल की बदौलत तुर्की महिला कप में एस्तोनिया को संघर्ष पूर्ण मुकाबले में 4-3 से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। भारतीय महिला टीम की किसी भी यूरोपीय देश के खिलाफ यह पहली जीत है। तुर्की के अलान्या में गोल्ड सिटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गये मुकाबले में भारत के लिए मनीषा कल्याण ने 17वें और 81वें मिनट में गोल किए। इंदुमती कथिरेसन ने 62वें मिनट में और प्यारी खाका ने 79वें मिनट में गोल दागे। एस्तोनिया की ओर से लिसेटे तामिक ने 32वें मिनट, व्लाडा कुबासोवा ने 88वें मिनट और मारी लिस लिलेमाए ने 90वें मिनट में गोल किये। पहले हाफ के बाद दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर चल रही थीं। इसके बाद इंदुमति, खाका और मनीषा ने गोल दागकर स्कोर 4-1 कर दिया था। एक समय ऐसा लग रहा था कि भारतीय टीम बड़े अंतर से जीत दर्ज करेगी।

### लॉन टेनिस में महिन्द्रा युनिवर्सिटी विजयी

**भोपाल।** महिन्द्रा युनिवर्सिटी का वार्षिक खेल उत्सव एयरो एंड ऐथर आयोजित हुआ जिसमें विद्यार्थियों और प्रबंधन के बीच खेल भावना, रचनात्मकता, प्रतिभा का जबरदस्त प्रदर्शन देखने को मिला। इस उत्सव में बिट्स पिलानी हैदराबाद, विज्ञान ज्योति इंस्टीट्यूट सहित पूरे क्षेत्र के कॉलेजों से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन किया। सात दिनों तक चले इस उत्सव में कई प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गई जैसे फुटबॉल, बास्केटबॉल और लॉन टेनिस आदि। फीफा प्रमाणित फुटबॉल फील्ड में मैच का आयोजन किया गया जिसमें बिट्स पिलानी हैदराबाद विजेता रही। जहां महिन्द्रा युनिवर्सिटी की लॉन टेनिस टीम ने दोनों सिंगल्स टूर्नामेंट जीतकर अपनी ताकत दिखाई, वहीं बास्केटबॉल टीम ने शानदार टीमवर्क का प्रदर्शन कर जीत हासिल की। महिन्द्रा युनिवर्सिटी के कुलपति डाक्टर यजुलु मेदुरी ने कहा, एयर ऐथर महिन्द्रा युनिवर्सिटी की भावना समाहित किए हुए है जो समग्र विकास, नवप्रवर्तन को प्रोत्साहन और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### रणजी क्वार्टरफाइनल नहीं खेलेंगे श्रेयस अय्यर

**नई दिल्ली।** श्रेयस अय्यर रणजी ट्रॉफी का क्वार्टरफाइनल मुकाबला नहीं खेल सकेंगे। बीसीसीआई ने पिछले दिनों रणजी ट्रॉफी नहीं खेलने वाले प्लेयर्स पर सख्ती अपनाई और उन्हें वॉर्निंग लेटर लिखा था। श्रेयस ने मुंबई के लिए रणजी के सातवें राउंड का मुकाबला नहीं खेला और अब वह इंजरी के कारण नॉकआउट मैच से बाहर हो गए हैं। अय्यर पीठ में चोट के कारण बाहर हुए हैं। वहीं टीम इंडिया के लिए टी20 डेब्यू कर चुके शिवम दुबे भी इंजर्ड हैं। वह भी बड़ोदा के खिलाफ मुंबई से मुकाबला नहीं खेल सकेंगे। मुंबई ने नॉकआउट स्टेज के लिए 19 साल के ऑलराउंडर मुशीर खान को शामिल किया है। रणजी ट्रॉफी में एलिट ग्रुप के नॉकआउट मुकाबले 23 फरवरी से शुरू होंगे। मुंबई ने ग्रुप-बी में टॉप पर रहकर क्वालिफाई किया। श्रेयस टीम के लिए जनवरी में एक ही मुकाबला खेल सके थे। इसके बाद वह इंग्लैंड के खिलाफ टीम इंडिया से 2 टेस्ट खेलते नजर आए थे।



खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स | मध्यप्रदेश अकादमी के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

## शूटिंग खिलाड़ी एश्वर्य प्रताप सिंह ने जीते डबल गोल्ड

**भोपाल (खे.सं)।** खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2023 का आयोजन असम, अरूणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम, नागालेण्ड एवं त्रिपुरा में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के खिलाड़ी एष्वर्यप्रताप सिंह तोमर ने 10 मी. एयर रायफल पुरुष व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुये 02 स्वर्ण पदक अर्जित किये।

एश्वर्यप्रताप सिंह मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के खिलाड़ी है। उन्होंने गुरूनानक देव विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुये यह उपलब्धि दिलायी है। उल्लेखनीय है कि एष्वर्यप्रताप सिंह, देश के अंतर्राष्ट्रीय स्तर के चोटी के शूटिंग खिलाड़ी हैं। वर्ष 2023 में चायना होंगजाउ में आयोजित एशियन गेम्स में एष्वर्यप्रताप सिंह ने 10 मी. रायफल 3 पोजीशन स्पर्धा में 02 स्वर्ण, 01 रजत और 01 कांस्य सहित कुल 04 पदक अर्जित करने वाले भारत के पहले युवा खिलाड़ी हैं। इसके अलावा अकादमी की ही खिलाड़ी आषी चौकसे ने 50 मी. 3 पोजी. एयर रायफल इवेन्ट में फायनल में अपनी जगह बनाई है। आषी चौकसे भी मप्र राज्य शूटिंग अकादमी की खिलाड़ी हैं। खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी खेलो में गुरूनानक देव विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। वहीं मलखंब के टीम इवेन्ट में मध्य प्रदेश की विक्रम यूनिवर्सिटी, उज्जैन की पुरुष और महिला टीम ने 01-01 रजत पदक अपने नाम किया है। मलखंब के महिला वर्ग के मुकाबलों में टीम इवेंट में विक्रम यूनिवर्सिटी की टीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। प्रतियोगिता के मलखंब के मुकाबलों में मुम्बई यूनिवर्सिटी की टीम 84-35 अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रही। मध्य प्रदेश की टीम ने 81-45 के अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रही। वहीं प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग मलखंब मुकाबले में यूनिवर्सिटी ऑफ मुम्बई 123-50 अंको के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि विक्रम विश्वविद्यालय मध्य प्रदेश 19-85 अंकों के साथ रजत पदक अपने नाम किया। मलखंब महिला टीम में संजना प्रजापति, सोनू मण्डावलिया, चंद्रिका मिटोले, पायल माण्डवलिया, राजनंदनी कहार, अंकिता नागर शामिल हैं, जबकि मलखंब पुरुष टीम में विनेष सुगंधी, प्रणवकोरी, प्रणीत यादव, कुंदन कछावा, नमन गवली, यष मामोदिया शामिल हैं।



### आर्चरी में चिराग फाइनल में

मप्र राज्य आर्चरी अकादमी के खिलाड़ी चिराग विद्यार्थी ने 50 मी. व्यक्तिगत स्पर्धा के कम्पाउण्ड इवेन्ट में फायनल में प्रवेशकर अपना पदक सुनिश्चित किया। चिराग रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।



# बिना कपड़ों वाली तस्वीर पर विद्युत जामवाल ने तोड़ी चुप्पी

बॉलीवुड एक्टर विद्युत जामवाल ने पिछले साल बर्थडे पर अपने फोटोशूट से तहलका मचा दिया था। उन्होंने हिमालय की खूबसूरत पहाड़ियों से अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की थीं, जिनमें वह बिना कपड़ों के नजर आए थे। उन फोटोज पर खूब बवाल मचा था। सोशल मीडिया पर कुछ लोगों से विद्युत जामवाल की तारीफ की थी। वहीं, एक्टर लोगों की आलोचना का भी शिकार




हुए थे। अब इस मामले में विद्युत जामवाल ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि वह इस तरह की आलोचनाओं से बिल्कुल भी परेशान नहीं होते हैं।

एक इंटरव्यू के दौरान विद्युत जामवाल ने कहा, 'मैं पिछले 14 साल से ऐसा कर रहा हूं। यह पहली बार है जब मैंने कुछ पोस्ट किया था। यदि आप मेरा पहला इंस्टाग्राम पोस्ट देखेंगे, तो आपको मैं उसी तरह दिखूंगा। मैं पिछले 5 या 7 सालों से एक लग्जीरियस लाइफ जी रहा हूं.। मैं हर साल लगभग 15 से 20 दिन खुद के साथ बिताता हूं। यह जंगल में हो सकता है, प्रकृति के बीच। यह कहीं भी हो सकता है, जहां लोग ज्यादा ट्रैवल नहीं करते हैं। ●



# अनुष्का शर्मा से पहले इन एक्ट्रेस ने छिपाई प्रेग्नेंसी

लंबे समय तक प्रेग्नेंसी की न्यूज छिपाने के बाद अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने बेबी बॉय के जन्म की खुशखबरी फैंस के साथ शेयर कर दी है। लेकिन अनुष्का ही अकेली एक्ट्रेस नहीं हैं, जिन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी की न्यूज छिपाई. आइए, यहां जानते हैं कौन-कौन सी एक्ट्रेस अपनी प्रेग्नेंसी की न्यूज छिपा चुकी हैं।




**अनुष्का शर्मा**

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा और क्रिकेटर विराट कोहली 15 फरवरी को अपने



दूसरे बच्चे के पैरेंट्स बने हैं। एक्ट्रेस अनुष्का ने अपनी प्रेग्नेंसी की खबर पूरे पीरियड में ऑफिशियल नहीं की थी। और सीधा ही बेबी बॉर्न की न्यूज फैंस संग शेयर की।



**रुबीना दिलैक-**

एक्ट्रेस रुबीना दिलैक ने भी अपनी प्रेग्नेंसी की न्यूज लंबे समय तक फैंस से छिपाकर रखी थी। रुबीना दिलैक ने अपनी ट्विन्स बेबी के जन्म की खबर भी फैंस के साथ करीब एक महीने बाद जाकर शेयर की थी।

**हेजल कीच**

क्रिकेटर युवराज सिंह की पत्नी और एक्ट्रेस हेजल कीच ने भी अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी की न्यूज ऑफिशियल नहीं की थीं। हेजल और युवराज ने बेबी होने के बाद फैंस के साथ गुडन्यूज शेयर की थी। बता दें, हेजल कीच ने बीते साल अगस्त के महीने में बेटी को जन्म दिया था।

**दीपिका कक्कड** - एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ ने भी लंबे समय तक अपनी प्रेग्नेंसी को छिपाकर रखा था। प्रेग्नेंसी के काफी समय बाद दीपिका कक्कड़ और उनके पति ने फैंस के साथ गुडन्यूज शेयर की थी।

**इलियाना डिक्रूज-** एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज ने भी लंबे समय तक प्रेग्नेंसी की न्यूज छिपाकर रखी थी. लेकिन जैसे ही एक्ट्रेस ने गुडन्यूज अनाउंस की, वैसे ही सोशल मीडिया पर हाय-तौबा मच गया था. क्योंकि इलियाना ने अपने रिलेशनशिप या शादी के बारे में किसी कोई अपडेट नहीं दिया था। इलियाना ने अभी तक भी अपने मैरिटल स्टेटस पर कोई खुलासा नहीं किया है। ●



# पलक तिवारी को लोगों ने बुरी तरह किया ट्रोल

श्वेता तिवारी अपनी खूबसूरती और फिटनेस के लिए फैंस के बीच मशहूर हैं। अकसर उनकी बेटी पलक को लोग उनकी बहन भी समझ बैठते हैं। समझें भी कैसे ना, श्वेता हैं ही इतनी खूबसूरत। एक्ट्रेस की बेटी पलक की भी अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है। इन दिनों पलक एक बार फिर चर्चा में आई हैं। मगर इस बार वजह जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे। दरअसल, पलक तिवारी अपनी मां की ही तरह अकसर फैंस के साथ खूबसूरत तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। हर बार फैंस से उन्हें खूब तारीफ भी मिलती है। मगर इस बार पलक ने कुछ ऐसा कर दिया कि उन्हें तारीफ की जगह ट्रोलिंग का शिकार होना पड़ा। असल में ट्रोलिंग के साथ साथ फैंस पलक से बेहद नाराज भी दिखे।



दरअसल, हाल ही में पलक तिवारी ने एथनिक वीयर में एक शूट कराया। पलक इसमें बेहद खूबसूरत लग रही थीं। पलक ने सूट पहना हुआ था और मिनिमल मेकअप किया हुआ था। ये तस्वीरें फैजा सकलेन ने शेयर की थीं, जो मशहूर पाकिस्तानी डिजाइनर हैं। मगर देखते ही देखते पलक की इन तस्वीरों पर यूजर्स का गुस्सा जमकर फूट पड़ा। और सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि पाकिस्तान में भी लोग उन्हें बुरा भला कहने लगे। दरअसल, फैंस पाकिस्तानी डिजाइन पर गुस्सा जाहिर कर रहे हैं कि उन्होंने शूट के लिए पलक को ही क्यों चुना। पाकिस्तान में तो एक से बढ़कर एक हसीनाएं हैं। ●

# डॉन 3 में पक्की हुई किआरा आडवाणी की एंट्री

फरहान अख्तर की फिल्म डॉन 3 से जुड़े एक बाद एक अपडेट्स सामने आ रहे हैं। पहले शाहरुख खान की जगह फिल्म में रणवीर सिंह ने एंट्री मारी, इसे जानने के बाद हर कोई हैरान हो गया था। अब फिल्म में एक्ट्रेस कियारा आडवाणी की एंट्री को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। मेकर्स ने अभी हाल ही में फिल्म डॉन 3 में कियारा आडवाणी की एंट्री पक्की कर दी है। मेकर्स की तरफ से फिल्म का नया वीडियो शेयर किया गया है। इस वीडियो में कियारा आडवाणी के नाम की ऐलान किया है। कियारा आडवाणी की एंट्री पर सोशल मीडिया पर रिएक्शन देते हुए नजर आ रहे हैं। आपको बता दें कि रणवीर सिंह की अपकमिंग फिल्म डॉन 3 से कियारा आडवाणी का नाम जोड़ा जा रहा था। अब इसको लेकर अधिकारिक खबर भी सामने आ गई है। कियारा आडवाणी की फरहान अख्तर की फिल्म डॉन 3 में एंट्री पक्की हो गई है। इसको लेकर मेकर्स ने अभी हाल ही में एक वीडियो जारी कर ऐलान किया है। फिल्म में कियारा आडवाणी की एंट्री होने के बाद सोशल मीडिया पर इसको लेकर खूब बातें हो रही हैं। कियारा आडवाणी की एंट्री की लेकर यूजर्स ट्विटर पर रिएक्शन देते हुए नजर आए। किसी ने कियारा आडवाणी की जमकर तारीफ तो कई एंट्री से हैरान भी नजर आए। ●




# दलितों और नारी जाति के सच्चे हितैषी स्वामी श्रद्धानंद

22 फरवरी 2024 को स्वामी श्रद्धानंद जी का जन्म दिवस दिवस है। आप पराधीन भारत के सबसे बड़े समाज सुधारकों में से एक थे। आपका जन्म पंजाब के जालंधर के तलवान नामक स्थान पर हुआ था। आपका सन्यास पूर्व नाम मुंशीराम था। आप सामाजिक परिस्थितियों को देखकर नास्तिक बन गए थे। बरेली में स्वामी दयानन्द जी के वचनामृत का

**जन्मदिवस पर विशेष**

पान कर आपके अंधेरे जीवन में उजाला हुआ एवं आप नास्तिक से घोर आस्तिक बन गए। आप आर्यसमाज के सदस्य बन गए एवं सक्रिय रूप से भाग लेने लगे।

आपके समक्ष बाल विधवाओं की समस्या एक चुनौती के रूप में आई। एक सज्जन की पुत्री छोटी आयु में बाल विधवा हो गई थी। वो उसका पुनर्विवाह करना चाहते थे। उस दौर में प्राचीन रूढ़िवादिता एवं अन्धविश्वास के चलते बाल विवाह किये जाते थे एवं बीमारी आदि के कारण पति की असमय मृत्यु हो जाने कारण देश में लाखों विधवाएं आजीवन नारकीय जीवन जीने को विवश थी। उस बच्चीं के पिता ने मुंशीराम जी से कहा कि मैं अपनी सुपुत्री को ऐसे हालातों में नहीं देख सकता। आधुनिक भारत के महान समाज सुधारक स्वामी दयानन्द द्वारा अमर ग्रन्थ सत्यार्थ प्रकाश में बाल विवाह एवं पुरुषों के लिए बहुविवाह का निषेध किया गया था वहीं विधवाओं के पुनर्विवाह का विधान बताया गया था। यह उस काल में सामाजिक क्रांति करने जैसा था। स्वामी जी के आदेश को सर्वोपरि



मानते हुए मुंशीराम जी ने उस बाल विधवा के पुनर्विवाह का निर्णय लिया। जब उक्त सज्जन की बिरादरी वालों को उनके इस निर्णय का ज्ञात हुआ तो उन्होंने उनका विरोध करना आरम्भ कर दिया। मुंशीराम जी ने डरे, न डिगे अपितु उन्हें शास्त्रार्थ की चुनौती दे दी और पर्वत के समान अपने निर्णय पर अडिग रहें। परिणाम स्वरुप 1890 के दशक में उत्तर भारत के पंजाब में विधवा पुनर्विवाह आरम्भ हुए एवं देखते ही देखते हजारों बच्चियों का जीवन सदा के लिए सुखमय हो गया। इस जागरण का श्रेय मुंशीराम जी और आर्यसमाज को जाता हैं।

स्त्रियों के शिक्षा दूसरी सबसे बड़ी चुनौती थी। स्वामी दयानन्द सत्यार्थ प्रकाश में लिखते हैं कि नारियों के लिए आजीवन चूल्हा-चौका करना ही जीवन का उद्देश्य नहीं हैं। नारियों को पढ़ लिखकर प्राचीन काल की विदुषी गार्गी, मैत्रयी के समान बनना चाहिए और समाज हित करना चाहिये। स्वामी जी ने नारी के लिए गुरुकुल खुलवाकर शिक्षा का प्रबंध करने का विधान लिखा और यह भी कहा कि जो परिवार अपने बच्चों को शिक्षा से वंचित रखें उसे राजा दंड देने का विधान करें।

मुंशीराम जी सन्यास ग्रहण कर स्वामी श्रद्धानन्द बन गए। आप अब राष्ट्रीय स्तर के नेता बन गए थे। आपका ध्यान में देश के 6 करोड़ अछूत समझे जाने वाले दलित भाइयों की ओर गया। उन्हीं दिनों सिखों के गुरु का बाग मोर्चा के आंदोलन में स्वामी जी आर्यसमाज के शीर्ष नेता के रूप में भाग लेते हैं। उन्हें छः महीने का कारावास होता हैं। जेल के अनुभव आपने बंदी घर के विचित्र अनुभव के नाम से अपनी पुस्तक के रूप में लिखे हैं। जेल से छूटकर स्वामी जी ने दलितोद्धार एवं ब्रह्मचर्य प्रचार को अपने जीवन का उद्देश्य बना लिया। दिल्ली के दलित भाई जातिगत अत्याचारों से पीड़ित थे। आपने घोषणा कर दी कि आप दलित भाइयों के साथ दिल्ली के सार्वजानिक कुओं से पानी भरेंगे। आपका रूढ़िवादियों और मतान्ध लोगों ने विरोध किया। आप जुलूस लेकर सार्वजानिक कुओं से पानी भरते हैं। जुलूस पर पथरबाजी होती हैं। पुलिस के हस्तक्षेप के पश्चात शांति कायम होती हैं। स्वामी जी ने यह प्रयास देश की राजधानी दिल्ली में 1926 में किया था जबकि डॉ. अम्बेडकर जी द्वारा महाड का जल सत्याग्रह इस घटना के एक वर्ष पश्चात 20 मार्च 1927 में किया गया था। स्वामी जी के प्रयासों से मंदिरों के द्वार अछूतों के लिए खुल गए। आर्यसमाज द्वारा स्वामी जी के नेतृत्व में दलितों को यज्ञोपवीत संस्कार, वेदादि धार्मिक ग्रंथ पढ़ने का अधिकार, यज्ञ करने का अधिकार दिया गया। सार्वजानिक कुओं से भेदभाव समाप्त हो गया। दलितों के बच्चों को विद्यालयों में दाखिला मिलने लगा। आर्यसमाज ने अनेकों सहभोज आयोजित किये। जहां पर अछूत के हाथ से सवर्णों को भोजन परोस कर छुआछूत का नाश किया जाता था। पराधीन भारत में यह जान जागरण एक विशेष क्रांति थी, जिसका श्रेय स्वामी श्रद्धानन्द और आर्यसमाज को जाता हैं। इसीलिए डॉ अम्बेडकर ने स्वामी जी को दलितों का सच्चा हितैषी लिखा हैं।स्वामी जी हिन्दू मुस्लिम एकता के प्रतीक थे। आप भारत के एकमात्र वैदिक सन्यासी थे। जिन्होंने जामा मस्जिद के मिम्बर से वेद मन्त्रों का पाठ कर हिन्दू मुस्लिम एकता पर बल दिया था। समाज सुधार के आपके आदर्शों को कुछ मतान्ध लोग समझ नहीं पाएं एवं एक षड़यत्र के अंतर्गत 23 दिसम्बर 1926 को आपकी हत्या हो गई। आप अपने बलिदान से सदा के लिए अमर हो गए। देश और समाज हित में आपके द्वारा किये गए कार्य को इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जायेगा। एक आदर्श नेता, संगठनकर्ता, समाज सुधारक, गुरुकुल शिक्षा क्रांति के प्रणेता, स्वदेशी और स्वतंत्रता के पक्षधर, सर्वस्व अर्पण करने वाले, मानव मात्र के सच्चे समाज सुधारक, महान व्यक्तित्व को आने वाली पीढ़ियां आपसे सदा प्रेरणा लेती रहेगी।

# रविदास मंदिर से पुलिस ने मूर्ति हटाया तो हो गया बवाल

## उपद्रवियों ने पुलिस पर चलाया पत्थर, भारी पुलिस बल मौके पर चौकन्ना





प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। नगर के खुटहन रोड पर सरवर पुर वार्ड में दलितों द्वारा सन्त शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर में मूर्ति स्थापना को लेकर बुधवार की शाम बवाल हो गया । मौके पर पहुँची पुलिस ने स्तिथि को नियंत्रित कर लिया । उपद्रवियों द्वारा चलाए गए पत्थर से कई पुलिस कर्मियों को हल्की चोटें आई है । भारी पुलिस बल के साथ गुरुवार को भी पुलिस खासी चौकन्ना रही। पुलिस ने 26 आरोपितों को नामजद और 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ अभियोग दर्ज कर लिया है । गिरफ्तारी की डर से दलित बस्ती के अधिकतर पुरूष घर छोड़कर फरार हो गए है । मुख्य आरोपी सुभाष राम समेत आठ लोगों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया । जिसमें तीन महिला शामिल है । दरअसल उक्त स्थान पर सरवरपुर वार्ड के लोग लंबे समय से अस्थाई मंदिर बनाकर संत शिरोमणि की तस्वीर लगाकर हर वर्ष कार्यक्रम आयोजित करते है । बुधवार को वहाँ पर मूर्ति लगा दिया तो कस्बे एक भाजपा नेता ने आपत्ति जताई तो पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाकर वार्ता की लेकिन बात नही बनी । शाम को स्थानीय पुलिस और राजस्व टीम के साथ पहुँचकर मूर्ति हटा दिया । जिससे अनुसूचित जाति के लोग आक्रोशित हो उठे । मौके पर हंगामा और बवाल काटना शुरू कर दिया । पुलिस ने उन्हें रोका तो पत्थराव शुरू कर दिया । पुलिस कर्मी परमेश्वर यादव, अम्बिका यादव, संजय पांडेय व अंकुश सिंह ने पीएचसी सोंधी पहुँचकर अपना मेडिकल कराया । सर्किल के खुटहन, शाहगंज और अन्य थानों की पुलिस पहुँचकर मामले की संभाल लिया । इस बाबत एसएचओ दीपेंद्र सिंह ने बताया कि इस प्रकरण में एफआईआर दर्ज कर ली गई है । बवाल काटने वाले उपद्रवियों को बख़्शा नही जाएगा । बिना परमीशन के मूर्ति लगाई गई थी ।

**...तो खेल के मैदान पर था कार्यक्रम स्थल**- खेतासराय (जौनपुर) सरवर पुर वार्ड में सन्त शिरोमणि की मूर्ति स्थापना को लेकर बवाल के प्रकरण में राजस्व कर्मियों ने स्तिथि स्पष्ठ की है, उनका कहना है कि जिस स्थान पर कार्यक्रम पूजा की जा रही थी वह स्थान खेल कूद का मैदान है । नायब तहसीलदार शैलेन्द्र ने भी पुष्टि की है । हालांकि दलित बस्ती के लोग यहाँ पर 1983 से मंदिर का प्रारूप देकर पूजा अर्चना का दावा कर रहे है । बवाल का कारण मूर्ति को हटाना बताया जाता है । पुलिस कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार बलवंत उपाध्याय और हल्का लेखपाल मौके पर जमे रहे ।

## पुलिस के खौंफ से दलित बस्ती से दहशत, अधिकतर पुरूष वार्ड छोड़े

प्रखर खेतासराय जौनपुर। इस वार्ड में संत शिरोमणि गुरु रविदास की मूर्ति रखने से हुए उपजे बवाल में उपद्रवियों को गिरफ्तार करने के लिए बुधवार की देर शाम वार्ड में दबिश देने गई पुलिस पार्टी पर घर मे तोडफोड़ व बाइक क्षतिग्रस्त करने

**महिलाओं ने पुलिस पर तांडव करने का लगाया आरोप**

का आरोप लगाया है । उनका कहना है कि भारी पुलिस ने उनके साथ अभद्रता की है । महिलाओं को भी नही बख्शा गया है । माहौल बिगाड़ने वाले तो मौके से फरार हो गए लेकिन इसका दंश मुहल्ले के बाशिंदे उठा रहे है । मीडिया कर्मियों की टीम पहुँची तो विधवा चन्द्रा, साक्षी 14 वर्ष, हरक 65, संजना 19 तथा महिमा 18 वर्ष ने बताया कि पुलिस हम लोगों की बेरहमी से पिटाई की है, घर के दरवाजों को भी तोड़ दिया है । पुलिस ने उनकी एक नही सुनी । अर्धविक्षिप्त विजेंद्र को भी पुलिस ने लाठी से पिटाई कर दी । टीम आगे बढ़ी तो एक अन्य महिला सुनीता ने आरोप लगाते हुए कहा कि उनके पति चन्द्रेसन रिक्शा चलाते है । दरवाजे पर कोई पुरुष नही मिला तो खड़े वाहन का शीशा चकनाचूर कर दिया । इसी तरह देवी ने भी पुलिस पर गम्भीर आरोप लगाया है । उन्होंने बताया कि मुख्य दरवाजे को तोड़ दिया । मुहल्ले के तीन बाइकों को पुलिस ने लाठी से चोट पहुँचाकर क्षतिग्रस्त कर दिया । आरोपों के बाबत थानाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह ने बताया कि तांडव करने का



आरोप गलत है । पुलिस टीम आरोपियों की गिरफ्तारी करने के लिए दबिश देने गई थी । उपद्रवी माहौल बिगाड़ कर घर भागे थे।

## ताहिरा इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज गीडा में फ्रेशर पार्टी का हुआ आयोजन

प्रखर गोरखपुर। संस्थान ताहिरा इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज गीडा गोरखपुर के प्रांगण में सत्र 2023-24 के नवागत छात्र छात्र-छात्रा के लिए बी फार्मा सेकंड ईयर की छात्र-छात्राओं द्वारा उनके स्वागत में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ संस्थान के सचिव श्री शोएब अहमद के कर कमल से किया गया और उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी छात्र-छात्राओं द्वारा बहुत अच्छा प्रदर्शन किया गया,और छात्र-छात्राओं को अनुशासन का पालन करते हुए जीवन के हर स्टेप को को करना चाहिए अपने गुरुजनों और माता-पिता आदर करना चाहिए संस्थान के छात्र-छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया पूरे कार्यक्रम में अपना बेस्ट देने के लिए बी फार्मा के प्रथम वर्ष के छात्र नीतीश यादव को मिस्टर फ्रेशर और दीप्ति चौरसिया को मिस फ्रेशर से नवाजा गया शाम का शान बढ़ाने के लिए और अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्रा शीतल पांडे को मिस इवनिंग और हर्ष साहनी को मिस्टर इवनिंग चुना गया उक्त अवसर पर ताहिरा इंस्टिट्यूट के प्रधानाचार्य डॉ राहुल कुमार मिश्रा, सेठ एमआर जयपुरिया के प्रधानाचार्य श्री रोहित श्रीवास्तव, इस्लामिया GIDA के प्रधानाचार्य डॉ. विश्वजीत कुमार सिंह सहित समस्त शिक्षक गण की उपस्थिति रहे।



## आखिर क्यों नहीं हो पा रहा है किन्नरों का कार्य क्षेत्र का बंटवारा

**समय रहते जिला प्रशासन करें आवश्यक कार्रवाई नहीं तो क्षेत्र बटवारे को लेकर किन्नरो में कभी भी हो सकता है खूनी संघर्ष**

प्रखर संतकबीरनगर। किन्नर समुदायों के एक पक्ष के द्वारा पुनः जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के दरबार में अपने क्षेत्रीय बंटवारे तथा अपनी जान माल की सुरक्षा के लिए गुहार लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया जिसको गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा एक बार फिर पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों के पाले में प्रार्थना पत्र डाल दिया देखना अब यह है कि क्या इनको समुचित न्याय मिल पाता है या किसी बड़े घटना का इंतजार कर रही है पुलिस तथा जिला प्रशासन, बताते चलें कि जनपद में किन्नरों का मामला गंभीर होता जा रहा है एक पक्ष द्वारा बार-बार जिलाधिकारी को अपना पत्रक देकर के अपने जीवन रक्षा और क्षेत्र के बंटवारे को लेकर गुहार लगाता फिर रहा है वहीं दूसरी तरफ किन्नर समुदाय पर दूसरा पक्ष किरण किन्नर द्वारा कुंडली मारकर पूरे क्षेत्र में बैठ लिया गया है जिससे जनपद के अंतर्गत रहने वाले किन्नरो की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है ,यह जहां भी जाते हैं वहीं किरण किन्नर के लोग उनको क्षेत्र से अपनी दबंगई का शिकार बनाते हुए भगा देते हैं जिसकी शिकायत बार-बार जिलाधिकारी वह पुलिस शिक्षक के पास किन्नर का दूसरा पक्ष ज्ञापन पर ज्ञापन दिए जा रहा है लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है आखिर क्यों क्या कारण है जबकि स्थानीय लोगों की मानी जाए तो शहर कोतवाल बृजेंद्र पटेल द्वारा हमेशा प्रयास किया गया की दोनों पक्षों को बैठा कर सुलह सपाटा करा लिया जाए लेकिन शिकायतकर्ता पक्ष कोतवाली में मौजूद हो जाती है वहीं दूसरी तरफ किरन किन्नर अपने दबंगई के आगे पुलिस के सामने नहीं आते कौन सी ऐसी बात है जिसे पुलिस भी करने में असमर्थता व्यक्त कर रही है आखिर कब मिलेगा इनको न्याय जब किसी बड़ी घटना का दबंगों द्वारा अंजाम दे दिया जाएगा तब, या किन्नरो के बीच खूनी होली के लिए दूसरे पक्ष को समय दिया जा रहा है।



## जयरामपुर में भूमाफियाओं व दबंगों के द्वारा किया जा रहा तालाब पर कब्जा ग्रामीण परेशान, अपर पुलिस आयुक्त को पिड़ित ने सौंपा ज्ञापन

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। ग्राम सभा जयरामपुर में भूमाफियाओं और दबंगों द्वारा किया जा रहा है तालाब पर कब्जा ,विजय कुमार पुत्र स्वर्गीय मारकंडे मठिया कटेश्वर निवासी ग्राम जयरामपुर थाना चौबेपुर के द्वारा अपर पुलिस आयुक्त वाराणसी कमिशनरेट से लगाई न्याय की गुहार सौपां ज्ञापन ` ज्ञापन सौपने के बाद पीड़ीत बिजय कुमार ने मीडिया को बताया की अपर पुलिस आयुक्त को ज्ञापन दिया गया है और इसके पहले भी हम लोग एसडीएम से न्याय की गुहार लगा चुका है पर अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है हम और हमारे परिवार मे सभी लोग काफी परेशान है हम लोगों को न्याय नही मिल पा रहा है और न्याय के लिए दर- दर भटक रहे है ` पीड़ीत विजय यादव ने बताया कि हमारे गाँव मे अशोक कुमार राधेश्याम एवं मुकेश कुमार जबरदस्ती तालाब को पाटने का कार्य कर रहे हैं जेसीबी द्वारा तालाब काटने का कार्य किया जा रहा था जिसपर ग्राम प्रधान ने हस्तक्षेप कर कार्य को रुकवाया ` थाना चौबेपुर में शिकायत करने के पश्चात यह कहा गया कि विपक्ष के पास उच्च न्यायालय का आदेश है वही जब थानाध्यक्ष से आदेश की कापी मांगा गया तो कोई भी प्रति उपलब्ध नहीं कराई गई जिसके बाद हमलोग परेशान और लाचार होकर अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपर पुलिस आयुक्त वाराणसी कमिशनरेट को हमलोगों के साथ हो रही समस्याओं की सूचना दी` वह माफिया दबंग किस्म के व्यक्ति है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के क्षेत्र में इस तरीके से अपने बाहुबल को दिखाते हुए तालाब पर कब्जा कर रहा है जिन्हें रोकने वाला कोई नहीं ` सरकारी संपत्तियों पर भूमाफिया कब्जा कर रहे हैं प्रशासन भी कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है अब बताएं इंसाफ कहां मिलेगा और जाए तो जाए कहां।




## मण्डल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रखर सहजनवां गोरखपुर। इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश एवं जिला विज्ञान क्लब / क्षेत्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र बीर बहादुर सिंह नक्षत्रशाला गोरखपुर के संयुक्त तत्वाधान मे दो दिवसीय मण्डल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो पूनम टंडन के द्वारा फीता काटकर किया गया `इस प्रदर्शनी मे गोरखपुर, देवरिया, महाराजगंज एवं कुशीनगर के 15 -15 विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट मॉडलों को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो पूनम टंडन ने कहा कि नवयुवाओं का दिमाग ही नवाचार के लिए सबसे अच्छा हैं। उन्होंने कहा कि ये युवा नवान्वेषण और नई-नई तकनीकियां के माध्यम से देश एवं प्रदेश को विकसित करने मे अपना प्रमुख योगदान दे रहे हैं। कार्यक्रम के बारे मे विस्तार से चर्चा करते हुए वैज्ञानिक अधिकारी महादेव पाण्डेय ने बताया कि मण्डल स्तरीय प्रदर्शनी मे निर्णायक मण्डल के सदस्यों के निरीक्षण के उपरांत महाराजगंज के सिक्कू निषाद को प्रथम, पीपीगंज के अमन कुमार को द्वितीय, देवरिया के दीपांशु मौर्य को तृतीय एवं गोरखपुर के रितेश यादव और देवरिया के आलोक मिश्रा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। चयनित 5 मॉडलों को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम मे डायट प्राचार्य अभिषेक पाण्डेय के द्वारा नगद पुरस्कार, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित गया। प्रदर्शनी मे आईटीएम के छात्रों द्वारा बनाये गये मॉडलों के साथ साथ अन्य जनपदो से आये हुए विद्यार्थियों ने अपने नवअन्वेषी मॉडलों को प्रस्तुत किया जिसमे स्मार्ट आईवी इंडिकेटर, रोड सेफ्टी मॉडल, मलवीन पेपर बोरर एंड सीड प्लॉटर, बुल कैचर, स्मार्ट इयररिंग, स्मार्ट सैंडल, स्मार्ट पॉलुशन पटाखा, स्मार्ट हेलमेट, रोबोट मंकी,ग्रीन लैंडमाइन अलार्म, हाईटेक मेकअप किट ब्लाइंड स्टिक, ट्रैफिक टर्मिनल, वेस्ट मटेरियल फॉर एनर्जी, ब्रिज सिक्योरिटी अलार्म सहित कई मॉडल प्रस्तुत किये गये` प्रदर्शनी के दूसरे दिन असंगठित क्षेत्रों के नवप्रवर्तकों को प्रोत्साहित करने एवं द्वारा बनाये गये मॉडलों जे प्रदर्शन के लिए जनपद स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन रहेगा, इसमें अशिक्षित या कम पढ़े लिखें लोगों के द्वारा बनाया गया मॉडल प्रदर्शित होगा`कार्यक्रम के अंत मे संस्थान के निदेशक डॉ एन के सिंह ने प्रदर्शनी मे आये हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करते होते कहा कि ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने का मौका मिलता हैं विज्ञानं क्लब समन्वयक विमल पाण्डेय, आशुतोष तिवारी, धीरज सिंह, गिरिजेश राय, वेद प्रकाश पाण्डेय, अमरपाल सिंह निर्णायक मण्डल के सदस्य रहे` इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल, डॉ पी डी पांडा, डॉ आर पी सिंह, द आर एल श्रीवास्तव, डॉ ए आर त्रिपाठी, डॉ निधि गुप्ता, डॉ खालिद हसन, डॉ कृष्ण कुमार, विनीत राय, डॉ मनोज मिश्रा, आशुतोष राव, डॉ आशुतोष गुप्ता, डॉ आशुतोष पाण्डेय, के एन प्रसाद, शालिनी सिंह, अलका श्रीवास्तव, ए.के सिन्हा, दीपक श्रीवास्तव सहित संस्थान के सभी शिक्षकगण एवं छात्र -छात्राएं मौजूद रहे।



## मिशन क्लीन गंगा ग्रीन गंगा के तहत सृजन सामाजिक विकास न्यास एवं 95 बटालियन सीआरपीएफ ने रविदास घाट से लेकर नगवां असि घाट तक चलाया स्वच्छता अभियान



प्रखर वाराणसी। प्रधानमंत्री मोदी के मिशन क्लीन गंगा एवं ग्रीन गंगा के तहत वाराणसी के कमिश्नर कौशल राज शर्मा के निर्देशन में एवं कमान्डेंट अनिल कुमार बृक्ष के मार्गदर्शन में सृजन सामाजिक विकास न्यास के अध्यक्ष एवं गंगा हरितिमा अभियान के ब्रांड अंबेसेडर अनिल कुमार सिंह के अगुवाई में चलाया गया स्वच्छता अभियान सृजन संस्था के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने सभी को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण की शपथ दिलाई हम सबने यह ठाना है काशी को स्वच्छ बनाना है नारे के साथ 95 बटालियन की टीम एवं सृजन सामाजिक विकास न्यास की टीम ने स्वच्छता रैली निकाल कर नाविकों घाट के पंडे पुजारी एवं दर्शकों को गंदगी न करने का संदेश दिया।इस कार्यक्रम में हनुमान सिंह, सहायक कमांडेंट 95 बटालियन अजीत कुमारसिह सहायक कमांडेंट एवं अभिषेक सिंह सहायक कमांडेंटतथा निरीक्षक परविंदर सिंह, प्रवीण सिंह एवं भारी संख्या में 95 बटालियन के जवानों ने भाग लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### डिग्री कॉलेजों में बंटा स्मार्ट फोन, छात्राओं में खुशी



प्रखर पिंडरा वाराणसी। क्षेत्र के दो डिग्री कॉलेजों में स्मार्टफोन गुरुवार को एक समारोह के दौरान वितरित किया गया। आचार्य कृपाचार्य गुरु प्रसाद महिला महाविद्यालय दबेथुआ के प्रांगण में प्रधानमंत्री निःशुल्क स्मार्टफोन योजना के तहत बीए द्वितीय वर्ष (तृतीय सेमेस्टर) के 76 छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण किया गया। जिसके मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य शरद सिंह (भीम सिंह) रहे। इस दौरान महाविद्यालय के प्रबंधक अरुण त्रिपाठी, त्रिभुवन त्रिपाठी, नरेंद्र कुमार, प्राचार्य अलोक त्रिपाठी व नोडल अधिकारी व फ्रूड इंस्पेक्टर अलोक श्रीवास्तव उपस्थित रहे। दूसरे तरफ बरजी स्थित बटुक प्रसाद महिला महाविद्यालय के प्रांगण में छात्राओं जिला पंचायत सदस्य सुशील शर्मा व शरद सिंह भीम तथा जायसवाल क्लब के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष नंदलाल जायसवाल एवं जायसवाल क्लब जिला अध्यक्ष अवधेश जायसवाल व प्रबन्धक महेंद्र सिंह के द्वारा छात्राओं को एंड्राइड सेल फोन वितरण किया गया।

### राष्ट्र निर्माण में बेटियां किसी प्रलोभन के चक्कर में ना पड़े- पं.श्रीभूषण मिश्र

प्रखर पराऊगंज । कुटीर पीजी कालेज चक्के मे राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों इकाइयों के विशेष शिविर के दूसरे दिन प्राथमिक विद्यालय खालिसपुर खुर्द स्थित हडिया बाबा मन्दिर के प्रांगण में शिविरार्थियो को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व ग्रंथाध्यक्ष श्रीभूषण मिश्र ने कहा कि श्रद्धावान् लभते ज्ञानम् का भाव बोध कराते हुए कहा कि विनम्र होकर ज्ञान प्राप्त करने वाले छात्र एक स्वस्थ समाज स्थापित करते है भारतीय इतिहास को रेखांकित करते हुए कहा कि मोहम्मद गोरी से लेकर मसूद अजहर तक देश के आक्रांताओं की गुलामी से आजाद होने में देश के पुरुष एवं महिलाओं की कितनी आंसू गिरे हैं जो समुद्र से भी कम है। बेटियां किसी प्रलोभन के चक्कर में ना पड़े बेटियां देश के हर कोने में विकास का परचम लहरा रही है। युवाओं के देश प्रेम के बारे में बताते हुए कहा कि युवाओ को चंद्रशेखर आजाद भगत सिंह से सीख लेनी चाहिए। आभार ज्ञापन डॉ नागेंद्र प्रताप मिश्र ने किया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ। उक्त अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ संजय कुमार यादव डॉ श्रीनिवास तिवारी कृष्ण कुमार मिश्र अखिलेश मिश्र मुन्ना आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेविका दिव्या मिश्र ने किया।

### शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे विद्यार्थी



प्रखर शाहगंज, जौनपुर। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव विजय सिंह विद्यार्थी गुरुवार दोपहर पत्रकार रविशंकर वर्मा के आवास पर पहुंच परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किया। किराए के मकान में रह परिवार को आवासीय पट्टा दिलाने का वादा करते हुए भविष्य में हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। घर पहुंचे भाजपा नेता ने दिवंगत पत्रकार के मासूम बच्चों से मिलकर भावुक हो गए। स्व. रविशंकर की बड़ी बहन ऊषा कुमारी जी से परिवार के विषय में जानकारी ली। और भविष्य में हर सम्भव मदद का भरोसा दिया। उन्होंने वादा किया कि बहुत जल्द परिवार किराए के मकान को छोड़कर अपनी छत के नीचे रहेगा। समस्त सरकारी योजनाओं का लाभ परिवार को दिलाया जाएगा। नौ साल के बेटे जतिन और बेटियों नीतिका व शैलजा को उनकी पढ़ाई में मदद का आश्वासन दिया।

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही नाली निर्माण, लाखों रुपए से बनी नाली की पोल खोल रहा खिरीडाडं गांव



प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। जनपद के विकास खंड सहजनवां के ग्राम पंचायत खिरीडाड मे सरकार विकास को लेकर भले ही लाखों रुपए योजनाओं के नाम पर खर्च कर रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत यही है की लाखों रुपए की राशि से किए जा रहे निर्माण कार्यों में जमकर बंदरबांट हो रहा है और घटिया निर्माण किया जा रहा है.योजनाएं कागजों पर तो तैयार की जाती हैं, लेकिन जब धरातल पर उतरती है तो पूरी की पूरी पानी में बह जाती हैं. इसका ताजा उदाहरण सामने आया है, जहां नाली निर्माण में भारी लापरवाही बरती जा रही हैं। लाखो रुपये की लागत ने बन रही.नाली निर्माण के नाम पर लाखो का भ्रष्टाचार किया जा रहा है लाखों का भ्रष्टाचार लेकिन अधिकारी इस मामले से अनजान बने हुए हैं।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वाचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं